CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 11 अंक : 54 | जयपुर, शनिवार 14 मार्च, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## देशवासी अफवाहों पर विश्वास नहीं करें और गैस को लेकर पैनिक ना हो, देश में पर्याप्त गैस और तेल मौजूद: पेट्रोलियम मंत्रालय

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मिडिल ईस्ट में युद्ध के बीच भारत में गैस बुकिंग तेजी से बढ़ने लगी है पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और गैस को लेकर पैनिक से बचने की अपील की है बताया गया है कि पहले के मुकाबले अब रोजाना 25 लाख ज्यादा एलपीजी सिलेंडर बुक हो




रहे हैं, शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया और वर्तमान स्थिति के बारे में लोगों को जानकारी शेयर की उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने की सलाह और गैस को लेकर पैनिक नहीं होने की अपील भी की पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मैं आप लोगों के माध्यम से सभी देशवासियों से अपील करना चाहूंगी कि अफवाहों पर विश्वास नहीं करें और गैस को लेकर पैनिक नहीं हो हमारा जो एवरेज बुकिंग है वह लगभग 50 से 55 लाख बुकिंग प्रतिदिन है लेकिन अगर आप देखे तो पिछले कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर रोजाना 75 या76 लाख तक पहुंच गई है, उन्होंने कहा कि पब्लिक सेक्टर तेल मार्केटिंग कंपनियों के कॉल सेंटर को भी मजबूत किया गया है कॉल सेंटर में सीट्स को बढ़ाकर 400 कर दिया गया है और टेलीफोन लाइनों की संख्या भी बढ़कर 50 कर दी गई है ताकि लोग वहां पर अपना ग्रीवेंस रजिस्टर कर सके ब्लैकमेलिंग और होर्डिंग पर भी एक्शन लिया जा रहा है सेक्रेट्री मिनिस्ट्री आफ पैट्रोलियम एंड नेचुरल गैस और सेक्रेटरी कंज्यूमर अफेयर्स गवर्नमेंट आफ इंडिया ने एक मीटिंग की है इसमें राज्यों और यूनियन टेरिटरीज के फूड एंड सिविल सप्लाईज डिपार्मेंट के सभी सेक्रेटरी शामिल थे और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत करवाया गया है इसके साथ ही राज्यों को फ्यूल सप्लाई को लेकर लगातार कोआर्डिनेशन और कोऑपरेशन का आश्वासन दिया गया है राज्यों को सलाह दी गई है कि ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग के खिलाफ सत्य कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि इस तरह की घटनाएं नहीं हो ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग को रोकने में जिला प्रशासन जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है इन सब अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए ।

## किसान आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा, वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी किसानों को दिन में देंगे बिजली : भजनलाल शर्मा

**प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस पर जयपुर में दुर्गापुरा कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री के अलावा कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की 22वीं किस्त असम के गुवाहाटी में जारी की इसलिए शुक्रवार को पूरे देश भर में किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम मनाया गया इसी क्रम में राजधानी जयपुर में भी दुर्गापुर में कृषि प्रबंधन संस्थान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 22वीं किस्त का फायदा राजस्थान के करीब 66.76 लाख किसानों को भी मिला है, प्रदेश के किसानों के अकाउंट में कुल 1335 करोड रुपए आए हैं प्रत्येक किसान के खाते में 2000 रुपए किस्त के रूप में सरकार की ओर से ट्रांसफर किए गए हैं इस तरह से शुक्रवार का दिन प्रदेश के किसानों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित रहा बड़ी बात यह है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में अपने स्तर पर 3000 रुपए बढ़कर दे रही है इस तरह से राजस्थान के किसानों को प्रतिवर्ष 9000 रुपए इस योजना के तहत मिल रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को भी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जोर देकर कहा है कि राजस्थान सरकार प्रदेश के किसानों को




बहुत जल्दी ही इस योजना में प्रतिवर्ष 12000 रुपए देने की दिशा में कार्य करने वाली है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज का दिन प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह उसे किस्त के सम्मान का उत्सव है जो इस देश की आत्मा है उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री 22वीं किस्त सीधे खातों में भेजने का काम कर रहे हैं जिसमें राजस्थान के भी किसानों के बैंक अकाउंट में यह राशि आने वाली है और जल्दी ही प्रदेश के किसानों के मोबाइल की घंटी बजने वाली है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में किसान और खेती के विकास को लेकर काफी गंभीर और सजग हैं पीएम मोदी ने किसानों पर खेती के कल्याण के लिए कई बड़े निर्णय और फैसले लिए हैं मोदी सरकार किसान को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी पिछले दो साल में हमारी सरकार ने किसान और खेती के विकास और कल्याण के लिए कई बड़े निर्णय और कई बड़े फैसले लिए हैं जिसका सीधा फायदा किसानों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि हम किसानों को अब बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी भेज रहे हैं और राजस्थान का किसान खेती के साथ-साथ अब बिजली का उत्पादन भी करने लगा है जिसकी वजह से एक तरफ जहां राजस्थान बिजली में आत्मनिर्भर बहुत जल्दी ही बनने जा रहा है तो दूसरी तरफ प्रदेश के किसानों को समुचित मात्रा में बिजली मिल रही है यही वजह है कि पिछले 2 साल में बिजली और पानी को लेकर किसान सड़क पर नजर नहीं आए,मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवा देंगे अभी वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों में प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवा रहे हैं और अगले साल तक प्रदेश के सभी किसानों को हम दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह से योग्य बन जाएंगे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के 78 लाख किसानों को 50000 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त फसली लोन दिया है इसके अलावा बड़ी-बड़ी सुविधा और बड़ी-बड़ी योजनाएं किसानों को हमारी सरकार ने समर्पित की है इसके अलावा गौशाला अनुदान में 25 प्रतिशत की वृद्धि की है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोचते हैं कि जब तक देश का किसान आगे नहीं बढ़ेगा तब तक देश का विकास नहीं होगा इसीलिए हमारी सरकार किसान के विकास और कल्याण को सबसे पहले प्राथमिकता दी हुई है इसीलिए आज देश का किसान खुशहाल नजर आ रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है क्योंकि किसान हमारे अन्नदाता है और हम सब का पेट भरते हैं खुद भीषण बारिश कड़ाके की ठंड और भीषण गर्मी में खेत में काम करके हम सबके लिए अन्न पैदा करते हैं इसलिए किसान और उनके परिवार का विकास और कल्याण हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है इसी दिशा में हम किसानों के कल्याण और विकास के लिए लगातार बड़े-बड़े फैसले और निर्णय ले रहे हैं जिसका सीधा अच्छा असर प्रदेश के किसानों के जीवन में भी देखने को मिल रहा है दुर्गापुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में किसान भी आए हुए थे इस कार्यक्रम को कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार ने भी संबोधित ।

## पीएम मोदी ने किसान सम्मान योजना की 22वीं किस्त जारी की, 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में आए 18640 करोड रुपए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुवाहाटी में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी है इस किस्त के माध्यम से देश भर के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में कुल 18640 करोड रुपए ट्रांसफर किए गए हैं प्रत्येक किसान के अकाउंट में 2000 सरकार की ओर से इस किस्त के रूप में जारी किए गए हैं इससे पहले योजना की 21वीं किस्त तीन चरण में 26 सितंबर 7 अक्टूबर और 17 नवंबर को जारी की गई थी प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है यह योजना 2019 में शुरू की गई थी जिससे किसानों को स्थाई इनकम का स्रोत मिल सके हर साल किसानों को6000 रुपए इस योजना के तहत किसानों के खाते में अलग-अलग किस्त के रूप में सरकार की ओर से डाले जाते हैं इस योजना के तहत अब तक 22 किस्त जारी हो चुकी है यही योजना किसानों की जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम के कोकराझार में विभिन्न विकास कार्य की आधारशिला रखी प्रधानमंत्री ने कहा कि खराब मौसम के कारण वे स्वयं कोकराझार नहीं आ सके और उन्होंने उपस्थित नागरिकों से इसके लिए क्षमा मांगी प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि वह गुवाहाटी से संवाद कर रहे हैं उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार असम की विरासत को संरक्षित करने और इसकी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्प है प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि चालू कार्यक्रम के



दौरान 4500 करोड रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आरंभ किया गया उन्होंने जिक्र किया कि बोडोलैंड में सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से 1100 करोड रुपए से अधिक आमंत्रित किए गए हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि असम माला अभियान का तीसरा चरण राज्य भर में कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा उन्होंने कहा कि इन पहलुओं के माध्यम से असम की सड़क कनेक्टिविटी और भी मजबूत होगी उन्होंने कहा कि हाल ही में क्षेत्रीय परिवहन को बढ़ावा देने के लिए कामाख्या चार्लापाली अमृत भारत एक्सप्रेस और गुवाहाटी न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है पीएम मोदी ने कहा कि यह परिवहन योजनाएं जनता को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के अलावा व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी मोदी ने कहा कि बेहतर व्यवस्था से किसानों को बड़े बाजारों तक आसान पहुंच मिलेगी और वह सशक्त बन सकेंगे ।

## जयपुर में कांग्रेस जनों ने सिलेंडर की अर्थी निकाल कर प्रदर्शन किया: दोसा, जोधपुर कोटा इत्यादि सभी जिलों में कांग्रेस का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की भारी कमी और गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से राजधानी जयपुर, दोसा ,जोधपुर, कोटा इत्यादि सभी जिलों में शुक्रवार को प्रदर्शन किया गया राजधानी जयपुर में चांदपोल बाजार में संजय सर्किल पर जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस जनों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया कांग्रेस जनों ने गैस सिलेंडरों की अर्थी निकालकर अपना आक्रोश प्रकट किया इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के विधायक पूर्व विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने हिस्सा लिया प्रदर्शन में जयपुर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए इस प्रदर्शन में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अमीन कागजी, रफीक खान, पुष्पेंद्र भारद्वाज सहित कई बड़े नेता शामिल हुए इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि जयपुर और पूरे प्रदेश भर में ग्राहकों के गैस सिलेंडर गैस एजेंसी की ओर से बुक नहीं किया जा रहे हैं गैस सिलेंडरों की भारी कमी है दूसरी तरफ कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद कर देने से जयपुर और पूरे प्रदेश भर के होटल, रेस्टोरेंट और व्यापारिक गतिविधियां पूरी तरह से सन हो गई है और होटल, रेस्टोरेंट में ठहरे हुए लोगों को गैस सिलेंडर की कमी की वजह से मनपसंद खाना भी



नहीं मिल रहा है इसके अलावा जयपुर, कोटा में रहकर विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं और हाई प्रोफाइल कोर्सेज की तैयारी कर रहे लाखों की संख्या में स्टूडेंटों के सामने भी खाना खाने की गंभीर समस्या खड़ी हुई है लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार और केंद्र की मोदी सरकार की ओर से इस संदर्भ में बिल्कुल भी ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं जिसकी वजह से व्यवस्थाएं बिगड़ी जा रही है और आमजन के घर में खाना पकाने की समस्या पैदा हो गई है इस मौके पर विधायक अमीन का जी ने कहा की राजधानी जयपुर इस मौके पर विधायक अमीन कागजी ने कहा की राजधानी जयपुर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश भर में घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी जोरों पर चल रही है लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही उन्होंने कहा कि सरकार से जुड़े लोग और भाजपा के नेता खुद तो गैस सिलेंडरों की व्यवस्था अपने लिए कर रहे हैं लेकिन लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है उन्होंने कहा कि नोटबंदी के समय भी लोगों को इसी तरह से लाइन में लगा पड़ा था और अब सिलेंडरों के लिए दिनभर लोग लाइन में खड़े रहते हैं महिलाएं और छोटी-छोटी बच्चियों गैस एजेंसी के दफ्तर के सामने लाइन में खड़ी होकर अपनी बारी का इंतजार करती रहती हैं इसके बावजूद भी उनके सिलेंडर बुक नहीं हो रही है । प्रदेश के दोसा शहर में भी जिलाधीश कार्यालय पर कांग्रेस जनों की ओर से शुक्रवार को गैस सिलेंडरों को लेकर प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन में विधायक दीनदयाल बेरवा पूर्व विधायक जी आर खटाणा और दोसा जिला कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर विधायक डीडी बैरवा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का हर जगह हवाला देने वाले भाजपा के लोग आज कहां चले गए उन्होंने कहा कि आज हर घर में सिर्फ गैस सिलेंडर की चर्चा होती रहती है सिलेंडर नहीं होने पर खाना कैसे पकाया जाएगा इसी की चर्चा होती रहती है लोग काफी परेशान है ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में शादियां हैं लेकिन सिलेंडर नहीं मिलने की वजह से लोग काफी परेशान हैं शहरों में भी हालत बिगड़ते जा रहे हैं लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है सरकार सिर्फ एक ही बयान दे रही है कि प्रदेश में पर्याप्त गैस की व्यवस्था है लेकिन हालत यह है कि पूरे प्रदेश घर में लोगों में सिलेंडरों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है ।


## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग का नोटिस, पक्षपात और मतदाता सूची से नाम हटाने के आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** तृणमूल कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए महाभियोग का नोटिस दे दिया है इस नोटिस में सात बिंदुओं का जिक्र किया गया है यह 10 पन्नों से ज्यादा का नोटिस है इनमें बिहार में एसआईआर प्रक्रिया का जिक्र किया गया है कुछ राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपात करने का भी आरोप लगाया गया है सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय का जिक्र भी किया गया है टीएमसी सांसद स्वागत राय ने पुष्टि की है कि ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग नोटिस पर 193 सांसदों के सिग्नेचर हो चुके हैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी यह प्रस्ताव लेकर आई है जिसे कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों समर्थन कर रही हैं, जानकारी के अनुसार लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों से ज्यादा ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर काफी




उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी कई सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के नियमों के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए नोटिस पर लोकसभा में काम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यक होते हैं एक अन्य सूत्र के अनुसार इस नोटिस पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी दलों के सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हालांकि पार्टी अब आधिकारिक रूप से इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है जानकारी के अनुसार देश के इतिहास में यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया गया है सूत्रों के अनुसार नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ पद पर रहते हुए पश्चात पूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनाव धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना, बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना, एसआईआर के जरिए वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने की साजिशरचना, मुख्य चुनाव आयुक्त की केंद्र की सत्ताधारी पार्टी को लाभ पहुंचाने की कोशिश, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तृणमूल कांग्रेस से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाए गए हैं मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया महाभियोग वही है जो सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने के लिए अपनी जाति है महाभियोग केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर ही लगाया जा सकता है मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है और इसे पारित होने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थिति तथा मतदान करने वाले सदस्यों का दो तिहाई बहुमत जरूरी होता है इसके अलावा राष्ट्रपति की मंजूरी भी जरूरी होती है ।




CMYK

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज से शुरू होगा जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार से जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की जाएगी। जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से सात दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा ने बताया कि अभियान का शुभारंभ शनिवार सुबह 8:00 बजे नगर परिषद सभा स्थल, लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप किया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों तथा वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में भागीदारी निभाते हुए अपने घरों और आसपास स्वच्छता बनाए रखें, ताकि शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सके।

## जूनियर वर्ग मुक्केबाजी ट्रायल 17 मार्च को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला मुक्केबाजी संघ द्वारा जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय ट्रायल 17 मार्च 2026 (मंगलवार) को इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में आयोजित किया जाएगा। प्रातः 7:00 बजे से खिलाड़ियों का वजन, मेडिकल व दस्तावेजों की जांच होगी तथा सायं 3:00 बजे से दोनों वर्गों की ट्रायल बाउट आयोजित की जाएंगी। ट्रायल के माध्यम से बालक व बालिका वर्ग से चार-चार सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों का चयन किया जाएगा, जो 23 व 24 मार्च को अजमेर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होने वाली चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में वर्ष 2010 एवं 2011 में जन्मे बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे।

## बिना टैक्स के संचालित वाहनों के विरूद्ध सघन जांच अभियान जारी

### बिना टैक्स के संचालित 5 बसें जब्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने बताया कि बिना टैक्स के संचालित बसों पर कार्रवाई करते हुए 5 बसों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि टेल्को सर्किल में बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित बसों पर कार्रवाई कर 5 बसों को जब्त किया गया, जिनमें एक बस दस वर्ष से अधिक पुरानी है, जिनका संचालन एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि जब्त बसों के वाहन स्वामियों के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों के कर भी बकाया पाए गए। ऐसे वाहनों की कार्यालय में जांच कर जुर्माना राशि एवं बकाया टैक्स जमा होने के पश्चात ही इन वाहनों को रिलीज करने की कार्यवाही की जाएगी। बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा सर्किट हाउस में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 5 जून 2024 को एक पेड मां के नाम अभियान शुरू कर देशवासियों से अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने का आह्वान किया था, जो वर्तमान में जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को आगे बढाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 5 वर्षों में 50 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में विगत वर्ष साढे सात करोड व इस वर्ष करीब 12 करोड पौधे लगाए जा चुके है जिनकी सर्वाइवल रेट करीब 80 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस ऊर्जा और विश्वास के साथ पौधारोपण किया जा रहा है इससे आने वाले समय में रेगिस्तान के नाम से पहचान रखने वाला राजस्थान आने वाले समय में हरियालो राजस्थान के रूप में जाना जाएगा।

## 20 हजार रुपए का इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**धौलपुर(निस)।** भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द बिश्नोई आईपीएस की ओर से वांछित अपराधी स्थाई वारंटी, पीओज, भगौड़ा, उद्घोषित इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस व वृताधिकारी वृत बाडी महेन्द्र मीणा आरपीएस के सुपरविजन में व देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी जिला धौलपुर के नेतृत्व में पुलिस थाना बाड़ी व जिला स्पेशल टीम की ओर से बड़ी कार्यवाही की गई। कार्यवाही 13 मार्च को 20 हजार रूपये का इनामी स्थाई वारंटी बबलू पुत्र रामबाबू ठाकुर उम्र 45 साल निवासी रेवई थाना सदर बाड़ी जिला धौलपुर को रेवई के जंगलों से मानवीय इनपुटों व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर डिटेन कर स्थाई वारंट की पालना में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पूर्व से हत्या, हत्या का प्रयास, एवं डकैती के कई मामले दर्ज हैं।

# जिला कलक्टर ने यूआईटी एवं नगर निगम परिक्षेत्र में प्रगतिरत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की ली समीक्षा बैठक

### विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के दिए दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर विकास न्यास एवं नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास के लंबित विकास कार्यों, ग्रीनरी प्रोजेक्ट, शहर की स्ट्रीट लाइट, पार्क लाइब्रेरी, सागर जलाशय के पास पार्क का रिनोवेशन कार्य एवं डिवाइडर कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को प्रत्येक कार्य के टाइमलाइन देते हुए निर्देशित किया कि विकास कार्य निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण होने के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता की जांच उनके द्वारा भी समय-समय पर औचक रूप से की जाएगी। उन्होंने ट्रैफिक सर्वे की प्रीलिमियेंसरी रिपोर्ट पर चर्चा कर निर्देश दिये कि शहर के चौराहों पर ओवरलोड ट्रैफिक को कम करने हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य कराने एवं शहर में एक मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी प्रकार बहरोड रोड डिवाइडर पर शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के भवन के पुनर्निर्माण हेतु चिकित्सा विभाग से समन्वय कर इसकी कार्ययोजना तैयार करावे। उन्होंने फूड स्ट्रीट के कार्य की समीक्षा कर निर्देश दिये कि कालीमोरी आरओबी के पेरलर रेलवे बाउंड्री के पास तैयार फूड स्ट्रीट को 25 मार्च तक चालू कराने तथा फूड स्ट्रीट के लिए दो डेडेकेटेट ऑटो टिपर लगाए जाए। उन्होंने लालडिग्गी के विकास कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि कार्ययोजना के अनुरूप समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करावे। साथ ही अभियान चलाकर अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। नगर विकास न्यास की सचिव धाइगुडे स्नेहल नाना ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि न्यास द्वारा वर्तमान में 161.19 करोड के 58 कार्यों एवं 18 कार्यों के कार्यादेश प्रगतिरत है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से शहर की पार्किंग समस्या एवं टैफिक मैनेजमेंट हेतु प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें अलवर शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर यातायात दबाव एवं वाहन संख्या के किये गए सर्वे की जानकारी दी। बैठक में यूआईटी सचिव धाइगुडे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान व कुमार संभव अवस्थी, जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियन्ता महेश देसवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

### मिनी सचिवालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, दाम वापस लेने की मांग



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के तत्वावधान में शुक्रवार को मिनी सचिवालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक एवं विदेश नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे आमजन का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के बाद अब घरेलू रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी कर सरकार ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की रसोई पर सीधा प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। सरकार को जनता की परेशानियों को समझते हुए तुरंत रसोई गैस के दाम कम करने चाहिए, क्योंकि गैस की कीमतों में वृद्धि से हर घर का बजट बिगड़ गया है।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए रसोई गैस के दामों में की गई वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में आर्यन जुबेर खान, अजीत यादव, जोगेन्द्र कोचर, पुष्पेन्द्र धाबाई, कमलेश सैनी, लीली यादव, विश्राम गुर्जर, दीनबन्धु शर्मा, हरिशंकर रावत, हिरेन्द्र शर्मा, गब्बर मीणा, गोपालदास खटीक, राकेश बैरवा, राजेश कृष्ण सिद्ध, महेश सैनी, के.के. खण्डलेवाल, एम.डी. साहुन, रमन सैनी, प्रदीप सिंह, गौरव यादव, नरेन्द्र मीणा, प्रीतम मेहदीरत्ता, रिपुदमन गुप्ता, जमशेद खान, एस.आर. यादव, पंकज शर्मा, प्रमेन्द्र शर्मा, राहुल पटेल, छंगामल लखेरा, महेन्द्र धवन, प्रशांत राजा, जगदीश सिंघल, राहुल खान, गौरीशंकर विजय, सोनू गोपालिया, राजेश विरमानी, दुलीचंद मावर, राजेन्द्र शर्मा, जगदीश अवस्थी, आमीन महर, कमल सैन, महेन्द्र गोयल, प्रेम पटेल, निहाल पटेल, विकास बबेरवाल, रुपेश जैन, ओमप्रकाश ढहलवास, विशाल बौद्ध, बलबीर भजीट सहित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल व एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वयंसिद्धा आश्रम खैरथल का अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित स्वयंसिद्धा आश्रम, खैरथल का निरीक्षण किया। पूर्व में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रणवीर सिंह ने भी इस आश्रम का निरीक्षण कर प्रशासन को इसकी कमियों के बारे में अवगत कराया जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आश्रम में कुल 13 लाभार्थी ही उपस्थित पाए गए, जबकि आश्रम की स्वीकृत क्षमता 50 है। इस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आश्रम संचालक को निर्देशित किया कि आश्रम में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए तत्काल आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों को आश्रम की सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम में आवासित व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सक की नियमित विजिट सुनिश्चित की जाए। आश्रम से संबंधित समस्त सामान को व्यवस्थित रूप से स्टोर रूम में रखा जाए तथा परिसर, शौचालय एवं स्नानागार की नियमित साफ-सफाई बनाए रखी जाए। उन्होंने आगंतुक रजिस्टर का विधिवत संधारण करने, आश्रम से संबंधित सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा रसोईघर में राशन सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही कमरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनाए रखने तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक कमरे में कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आवासित व्यक्तियों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, महिला विंग के लिए पृथक व्यवस्था बनाए रखने तथा आवासितों को दैनिक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासितों को उपलब्ध कराए जाने वाले वस्त्र नियमित रूप से पहनाने अथवा गणवेश निर्धारित करने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आश्रम संचालक को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा निर्धारित सभी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ आश्रम में निवासरत प्रत्येक पात्र वृद्धजन तक अनिवार्य रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए, अन्यथा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष नायक ने प्रेसवार्ता कर दी राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।

राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान-विकसित भारत की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका पात्रतानुसार लाभ प्रदान कर आमजन को लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में अधिकारियों की बैठक लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर विभागीय योजनाओं यथा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, एक मुश्त सामाधन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, युवाओं को ट्रेनिंग उपलब्ध कराने सहित अन्य योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर अधिकाधिक युवाओं को योजनाओं में ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त हस्तांतरण का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

### कार्यक्रम में जिले के 1 लाख 43 हजार से अधिक किसानों के खातों में 28 करोड 70 लाख से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से हुई हस्तांतरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय कार्यक्रम गुवाहाटी, असम से 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। जिले के 1 लाख 43 हजार से अधिक किसानों के खातों में 28 करोड 70 लाख से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम के तहत पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक कृषकों को 18 हजार 640 करोड़ से अधिक की राशि हस्तान्तरित की गई तथा राज्य के 66.76 लाख से अधिक किसानों को 1335 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। वहीं अलवर जिले के 1 लाख 43 हजार 516 किसानों के खातों में 28 करोड 70 लाख 32 हजार रुपए का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर ने मौजूद किसानों से संवाद कर केंद्र व राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता से जुडी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा एवं सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार गुलाब चंद मीणा ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना सहित किसानों से जुडी योजनाओं के लाभों की जानकारी दी एवं उससे जुडने की प्रक्रियाओं एवं पात्राता के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर दी अलवर कॉपरेटिव सेंट्रल बैंक के महाप्रबंधक कृष्णानंद शर्मा, कृषि उपज मंडी की सचिव अंजू जाटव सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विद्यालय विकास के लिए 10 लाख की घोषणा, छात्राओं को साइकिल वितरण

### सेढ माता मेले में शामिल हुए डॉ. मोहित जसवंत यादव, विकास कार्यों हेतु 5 लाख देने की घोषणा





जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव बहरोड़ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में चारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मोहित जसवंत यादव ने विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर विधायक कोष से विद्यालय में विकास कार्यों के लिए 10 लाख की घोषणा की। इस घोषणा का विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को साइकिल वितरित की। साइकिल प्राप्त करते समय छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति निरंतर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मोहित ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है और छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पूरे बहरोड़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कुल 496 साइकिलों का वितरण किया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिलेगा और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने इस अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की भी जानकारी दी। इससे पूर्व डॉ. मोहित जसवंत यादव ने माजरी मंडल के गंडाला स्थित निहाली माता मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। इसके बाद वे शिवदानसिंहपुरा में आयोजित सेढ माता के मेले एवं भंडारे में शामिल हुए। उन्होंने माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने मेला कमेटी को 11,000 की भेंट प्रदान की तथा विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर विकास कार्यों के लिए 5 लाख की घोषणा की। मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें 1 लाख का कामड़ा रखा गया। बहरोड़ सहित हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहलवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ रही और पारंपरिक संस्कृति तथा खेल भावना का सुंदर संगम देखने को मिला। इस दौरान बस्तीराम यादव (प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़), एडवोकेट प्रशांत यादव (मंडल अध्यक्ष बहरोड़), अश्वनी टाइगर (मंडल अध्यक्ष माजरी), रामनरेश यादव (पार्षद), सुभाष यादव, ओम यादव, अमित शर्मा, रामकला यादव (सीबीईओ बहरोड़), महिपाल यादव (प्रधानाचार्य), डॉ. ऋषि यादव, अरुण शर्मा, नरेंद्र यादव, ईश्वर गुर्जर, पंकज यादव, देवा, मित्तल, डॉ. मनीष, सतेंद्र, नवरत्न सरपंच सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे ।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
14 मार्च, 2026

# कपड़ा फैक्ट्री के स्लज टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस बनने से तीन मजदूरों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बालोतरा औद्योगिक क्षेत्र में एक कपड़ा फैक्ट्री के स्लज टैंक की सफाई के दौरान शनिवार को टैंक में जहरीली गैस बन जाने की वजह से तीन मजदूर बेहोश होकर टैंक में ही गिर गए जिन्हें बाद में अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया लेकिन चिकित्सकों ने तीनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया मृतक के परिजन और उनके समर्थक बड़ी संख्या में बालोतरा के अस्पताल में एकत्रित हुए, अस्पताल में ही बड़ी संख्या में लोगों के जमा होने के बाद अजीब सा माहौल पैदा हो गया वहां बहुत से लोग रोते हुए दिखाई दिए तो कई लोगों ने फैक्टरी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की लोगों के गुस्से को देखते हुए अस्पताल प्रशासन की ओर से मौके पर पुलिस को भी बुलाया गया है जानकारी के अनुसार बालोतरा के औद्योगिक क्षेत्र में लालजी इंडस्ट्रीज कपड़ा फैक्ट्री में शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे स्लज टैंक की सफाई करने के लिए तीन मजदूर टैंक में उतर गए लेकिन टैंक में जहरीली गैस बन जाने की वजह से तीनों मजदूर टैंक में ही बेहोश हो गए जिन्हें बाद में बाहर निकल गया और तुरंत अस्पताल भी पहुंचाया गया लेकिन तीनों मजदूरों की मौत हो चुकी थी मृतक मजदूर के नाम श्रवण, गुमनाराम और विशंभर तिवारी हैं जो बालोतरा के ही रहने वाले हैं सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है तीनों मृतक की बॉडी को कब्जे में किया है पुलिस ने कपड़ा फैक्ट्री के टैंक का भी निरीक्षण किया है मौके से आवश्यक तथ्य और सबूत जुटाए गए हैं आप है की फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से सुरक्षा मानक के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था और नियम विरुद्ध टैंक की सफाई के लिए मजदूरों को टैंक की सफाई के लिए उतारा गया इसलिए फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ यहां पर मामला दर्ज किए जाने की मांग उठ रही है मृतक के परिजनों और समर्थकों की ओर से भी मृतक के परिजनों को मुआवजा नौकरी और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात उठाई जा रही है सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है इस मामले में फैक्ट्री के संचालकों से भी पूछताछ की जा रही है ।

## नहर में मां, बेटी और प्रेमी के शव मिले, मामला प्रेम प्रसंग का

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जालौर जिले में सांचौर क्षेत्र में चितलवाना थाना इलाके में नर्मदा मुख्य नहर में एक महिला और उसकी पांच साल की बेटी तथा एक युवक की बॉडी पुलिस ने बरामद की है पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह मामला पूरी तरह से प्रेम प्रसंग का दिख रहा है हालांकि पुलिस ने सभी मृतक की पहचान कर ली है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस का कहना था कि जब तक मृतक के परिजन आकर मृतक लोगों की पुष्टि नहीं करेंगे तब तक मृतक लोगों के नाम बताना उचित नहीं होगा इसलिए पुलिस मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है, जानकारी के अनुसार चितलवाना थाना इलाके में नर्मदा मुख्य नहर के किनारे एक बाइक खड़ी हुई मिली थी बाइक को नहर के किनारे खड़ा देखकर आसपास के लोगों को संदेह हुआ लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर गोताखोर बुलाए गए काफी देर तक गोताखोरों ने नहर में तलाशिली जिसमें एक महिला और एक 5 साल की बच्ची तथा एक युवक की बॉडी नहर से बरामद की गई है पुलिस ने बाइक के नंबरों के आधार पर तथा मृतक युवक की पहचान करने का प्रयास किया जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली है इसके अलावा मृतक महिला और उसकी बेटी की भी पहचान कर ली गई है मृतक महिला और मृतक युवक के बीच अवैध होने की बात सामने आई है इसलिए यह मामला पूरी तरह से सुसाइड का दिख रहा है फिर भी पुलिस मृतक के परिजनों से आवश्यक पूछताछ करेगी मृतक महिला के ससुराल पक्ष और पीहर पक्ष के लोगों को भी सूचित कर दिया गया है तथा मृतक युवक के परिजनों को भी घटना के बारे में बता दिया गया है पुलिस का कहना है कि फिलहाल परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है परिजनों के आने के बाद सभी बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और आवश्यक जांच पड़ताल की जाएगी ।

## समयपालनता में सुधार हेतु 2 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम रेलवे द्वारा समयपालनता में सुधार हेतु 2 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आगामी आदेशों तक आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 12958, नई दिल्ली-साबरमती स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस प्रतिदिन रेलसेवा दिनांक 25.3.26 से आगामी आदेशों तक मार्ग के पालनपुर स्टेशन पर परिवर्तित समय 5.50 बजे आगमन व 5.52 बजे प्रस्थान, महेसाना स्टेशन पर परिवर्तित समय 6.38 बजे आगमन व 6.40 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20626, भगत की कोठी-चैन्न्ई सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 25.3.26 से आगामी आदेशों तक मार्ग के भीलडी स्टेशन पर परिवर्तित समय 10.55 बजे आगमन व 11.00 बजे प्रस्थान करेगी।

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के अपने सवाल के जवाब से राज्यसभा में खुश नजर आए मदन राठौड़

### मोदी सरकार का लक्ष्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि को लाभकारी व्यवसाय में बदलना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषोन्नति योजना का पुनर्गठन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की यह योजना किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में सुधार तथा आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। 15वें वित्त आयोग की अवधि यानी वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान इस योजना के लिए कुल 44,246.89 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सदन में यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि कृषोन्नति योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण मिशन और कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, इनमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन, समेकित बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय बांस मिशन, कृषि विस्तार उप-मिशन, पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन, एकीकृत कृषि विपणन योजना तथा डिजिटल कृषि मिशन जैसे प्रमुख घटक शामिल हैं। राठौड़ ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि किसानों को बेहतर बाजार, आधुनिक तकनीक, बीज, सिंचाई और कृषि से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। सरकार का लक्ष्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि को लाभकारी व्यवसाय में बदलना है। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में भी काम कर रही है, जिससे किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। राठौड़ ने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से देश के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए नई योजनाएँ और सुधार जारी रहेंगे।

## घरेलू सिलेंडर को कमर्शियल सिलेंडर में रिफलिंग करते गैस एजेंसी के कर्मचारियों को दबोचा, 80 गैस सिलेंडर बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत चरण की टीम ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चील गाड़ी रेस्टोरेंट के पास घरेलू गैस सिलेंडर की कैफ हटाकर कमर्शियल के सिलेंडर में रिफलिंग करते हुए कर्मचारियों को मौके पर ही पड़ा है जिला रसद अधिकारी की टीम ने उर्मिल गैस एजेंसी की गाड़ी से 80 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर की केप को हटाकर उन्हें कमर्शियल गैस सिलेंडर में भरा जा रहा था लेकिन जिला रसद अधिकारी की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर जाकर रिफिलिंग की इस कार्रवाई को रोक दिया अब जिला रसद अधिकारी की ओर से इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है इस संदर्भ में संबंधित गैस एजेंसी के मालिक को संचालक और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी फिलहाल इस घटना से यह साबित हो गया है कि कहीं ना कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी में गैस एजेंसी और उनके कर्मचारियों का भी बहुत बड़ा हाथ है मिडिल ईस्ट युद्ध की लड़ाई को देखते थे सरकार की ओर से पिछले दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर पाबंदी लगा दी गई थी उसके बाद से ही यह माना जा रहा था कि कहीं ना कहीं होटल रेस्टोरेंट और व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोग घरेलू गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे जिसकी वजह से कालाबाजारी और जमाखोरी जबरदस्त बढ़ेगी वहीं हुआ जयपुर जिला रसद अधिकारी की टीम ने जिस तरह से चील गाड़ी रेस्टोरेंट के पास घरेलू गैस सिलेंडर को कमर्शियल गैस सिलेंडर में भरते हुए मौके पर जाकर पकड़ा है उस से यह साबित हो गया है कि इस तरह घरेलू गैस सिलेंडर से कमर्शियल गैस सिलेंडर में रिफिलिंग का मामला जयपुर तक की सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे प्रदेश भर में संपादित हो रहा है जिसकी वजह से घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी तेजी से हो रही है इस कार्य में कहीं ना कहीं गैस एजेंसी संचालक और कर्मचारी दोनों की मिली भगत से घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिला हुआ है हालांकि प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के सभी जिला रसद अधिकारियों के नेतृत्व में सभी जिलों में एक विशेष टीम का गठन किया हुआ है जो गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्य करेगी यही वजह रहेगी जयपुर में जयपुर जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत चरण की तत्परतने घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया जानकार लोगों का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर जिस तरह से हाय तौबा मची हुई है इस तरह के हालात पैदा करने में कहीं ना कहीं गैस एजेंसी के संचालक और कर्मचारियों के अलावा आम जन भी जिम्मेदार है क्योंकि आमजन भी जिनके घरों में पहले से ही महीने भर के गैस सिलेंडर की व्यवस्था है वह लोग भी मिडिल ईस्ट युद्ध की लड़ाई की वजह से महीने भर पहले से ही फिर से बुकिंग करने का प्रयास कर रहे हैं और जब उनकी बुकिंग नहीं होती है तो वह सड़क पर आकर और मीडिया में बयान बाजी कर रहे हैं जबकि ऐसे लोगों के पास महीने भर का भोजन पकाने की पहले से ही घर में सिलेंडर की व्यवस्था है लेकिन युद्ध की वजह से वह पहले ही सिलेंडरों की जमाखोरी का प्रयास कर रहे हैं जो उचित नहीं है ।

## बीकानेर में एसपी ऑफिस के सामने युवक ने खुद को आग लगाई, 80 प्रतिशत झुलसा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बीकानेर में एसपी ऑफिस के सामने शुक्रवार को एक युवक ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा ली,आग लगाने के बाद युवक एसपी ऑफिस में घुसने के लिए दौड़ता हुआ आया लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से युवक के लगी आग को बुझाया लेकिन तब तक युवक की बॉडी करीब 80 प्रतिशत जल गई थी जिनको उपचार के लिए तुरंत अस्पताल में एडमिट करवाया गया है युवक की हालत काफी गंभीर है क्योंकि उसके शरीर का अधिकांश हिस्सा जल चुका है अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को भी युवक के बयान लेने के लिए साफ मना कर दिया है युवक का नाम रामलाल बताया गया है जो खाजूवाला का रहने वाला है पता चला है कि एक महिला उसको शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान कर रही थी उसको ब्लैकमेल कर रही थी जिससे परेशान होकर उसने इतना बड़ा कदम उठाया है फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं जानकारी के अनुसार खाजूवाला निवासी रामलाल शुक्रवार को बीकानेर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप ही बैठा हुआ था तभी उसने अचानक अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेला और फिर आग लगा ली आग लगाने के बाद वह एसपी ऑफिस की तरफ जाने के लिए दौड़ने लगा तभी वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से उसके शरीर में लगी आग की लपटों को शांत किया लेकिन तब तक रामलाल का शरीर 80 प्रतिशत झुलस गया था खबर लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई थी कि क्या रामलाल ने पुलिस में अपनी ओर से कोई मुकदमा दर्ज करवाया हुआ था जिस पर वह कार्रवाई चाहता था लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही थी या फिर जैसा कहा जा रहा है कि एक महिला उसको ब्लैकमेल कर रही थी और महिला की ओर से दर्ज करवाई जैसा कहा जा रहा है कि एक महिला उसको ब्लैकमेल कर रही थी जिसको लेकर वह परेशान था अभी यह सभी विषय पुलिस की जांच के दायरे में आ गए हैं लेकिन शुक्रवार को दिनदहाड़े बीकानेर एसपी ऑफिस के सामने यह जो बड़ी दर्दनाक घटना हुई है उसको देखकर वहां मौजूद लोग भी काफी घबरा गए जानकारी के अनुसार पुलिस ने घायल रामलाल के परिजनों को भी सूचित कर दिया है पुलिस परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ करेगी और आखिरी किस वजह से रामलाल ने खुद को खत्म करने का प्रयास किया इसका भी पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है ।

## बीएसएफ की वर्दी पहने दो संदिग्ध युवकों को भारत पाक सीमा पर दबोचा गया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भारत-पाकिस्तान सीमा पर खाजूवाला क्षेत्र में चक तीन कालू वाला में बीएसएफ के जवानों ने निगरानी के दौरान बीएसएफ की वर्दी पहना दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है प्रारंभिक पूछताछ में दोनों युवक पंजाब के निवासी बताए गए हैं युवकों का नाम सतनाम सिंह और दलजीत सिंह है दोनों युवक किस मकसद से यहां भारत-पाकिस्तान सीमा के पास आए हुए थे इसके बारे में पूछताछ की जा रही है ऐसा माना जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवक कहीं ना कहीं अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले किसी ग्रुप से जुड़े हुए हो सकते हैं इसलिए बीएसएफ और पुलिस तथा अन्य जांच एजेंसियां पंजाब से आए इन दोनों युवक से गंभीरता से पूछताछ कर रही है बीएसएफ और पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों युवक के पारिवारिक बैकग्राउंड की भी गहनता से जांच पड़ताल कर रही है इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि युवक ने पूछताछ में अपना जो नाम और पता बताया है क्या वह वास्तव में सही है और अगर उनका नाम और पता सही पाया जाता है तो पुलिस अपने जांच के दायरे को और आगे बढ़ा सकती है इसमे हिरासत में लिए गए दोनों युवक के बैंक अकाउंट और उनके परिजनों के बैंक अकाउंट और अन्य संपत्तियों का भी पता लगाया जा सकता है इसके अलावा अभी पुलिस दोनों युवक के संपर्क सूत्रों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है इसके लिए हिरासत में लिए गए दोनों युवक के मोबाइल फोन कॉल डिटेल की भी जांच पड़ताल कर रही है दोनों युवक किन-किन लोगों के संपर्क में थे दोनों युवक कितने दिनों से भारत-पाकिस्तान की सीमा के पास यहां आए हुए थे और कहां ठहरे हुए थे और दोनों युवकों के यहां इलाके में रहने वाले किन-किन लोगों से संपर्क हैं इन सब के बारे में जांच एजेंसियां गहनता से जांच पड़ताल कर रही है क्योंकि जिस तरह से दोनों युवक बीएसएफ की ड्रेस में नजर आए हैं उससे ऐसा साफ दिख रहा है कि कहीं ना कहीं किसी बड़े प्लान या किसी बड़ी योजना को अंजाम देने के लिए दोनों युवक यहां आए हुए थे जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर गंगानगर, बीकानेर और अन्य जिलों में कई जगहों पर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं इसके अलावा कुछ जगहों पर ड्रोन भी पड़े हुए मिले हैं इसलिए पिछले कुछ महीनो से भारत-पाकिस्तान सीमा पर लगातार अवैध मादक पदार्थ लावारिस अवस्था में पड़े मिलने के बाद बीएसएफ और जिला पुलिस की ओर से सीमावर्ती इलाकों में जांच की प्रक्रिया और निगरानी को तेज कर दिया गया था जिसमें खाजूवाला इलाके में बीएसएफ की ड्रेस में बीएसएफ के जवानों ने जब इन दोनों युवकों को घूमते हुए देखा तो उन्होंने तुरंत इन दोनों युवकों को पकड़ लिया प्रारंभिक पूछताछ में ही दोनों युवक की बॉडी लैंग्वेज को देखकर बीएसएफ के अधिकारियों ने समझ लिया था कि कहीं ना कहीं यह दोनों युवक किसी गलत इरादे से यहां घूम रहे हैं इसलिए बीएसएफ ने जिला पुलिस को भी सूचित किया, पुलिस अधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं पंजाब से आए इन दोनों युवकों के यहां क्षेत्र में लोगों से संपर्क हैं और इन दोनों युवकों के सीमा पर रहने वाले लोगों से भी संपर्क हैं इसलिए इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही ।

## चांदी 7000 और सोना 1800 रुपए सस्ता, चांदी 266000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के सराफा बाजार में पिछले कुछ दिनों से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा था लेकिन शुक्रवार को चांदी और सोने की कीमतों में एक बार फिर से गिरावट देखी गई है शुक्रवार को चांदी 7000 और सोना 1800 रुपए सस्ता होने की जानकारी मिली है इस तरह से शुक्रवार को चांदी 266000 रुपए प्रति किलो दर्ज किया गया तथा शुद्ध सोना 162200 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 151700 रुपए प्रति 10 ग्राम किया गया इस तरह से एक बार फिर से सोने और चांदी की कीमतों में अचानक शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली अब देखने वाली बात यह है कि शनिवार को सोने और चांदी की कीमत में निरंतर गिरावट होगी या फिर कीमतों में वृद्धि देखने को मिलेगी फिलहाल पिछले कई दिनों से यही देखने को मिल रहा है कि कभी सोने और चांदी की कीमत में लगातार कई दिनों तक रोजाना वृद्धि होती रहती है और फिर अचानक इन कीमतों में रोजाना गिरावट होती रहती है इस तरह से सोने और चांदी की कीमत में कभी बढ़ोतरी तो कभी निरंतर गिरावट देखी गई इसलिए सोने और चांदी की कीमतों को लेकर पिछले कई दिनों से आमजन और जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है इस असमंजस की स्थिति की वजह से ही जयपुर सराफा बाजार का कारोबार प्रभावित हो रहा है जानकार लोगों का कहना है कि इन दोनों शादी और गणगौर इत्यादि पर्व सीजन चल रहा है लेकिन सोने और चांदी की कीमतों में चल रही उथल-पुथल से आमजन भी सोने और चांदी के आभूषण खरीदने को लेकर खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहे हालांकि जिनके घरों में शादियां हैं वे मजबूरी में जयपुर सराफा बाजार में आभूषण खरीदने जरूर आते हैं लेकिन इनमें ज्यादातर लोग पुरानी चांदी बेचकर उनमें थोड़े बहुत पैसे मिलकर सोने और चांदी के आभूषण खरीद कर अपना काम चल रहे हैं इसलिए सोने और चांदी की कीमतों में हो रही उथल-पुथल से जयपुर सराफा बाजार का कारोबार भी ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा है जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि कभी कीमतों में लगातार बढ़ोतरी तो फिर अचानक कीमतों में लगातार गिरावट इस स्थिति में जो लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में रुचि रखते थे वह अब पिछले कई दिनों से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह रियल एस्टेट और जमीन प्लांट इत्यादि खरीदने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं क्योंकि इन लोगों को सोने और चांदी की कीमत में हो रही उथल-पुथल से अपने इन्वेस्ट किए पैसों को लेकर यही चिंता सताती रहती है कि कहीं घाटे का सौदा साबित ना हो जाए लेकिन रियल स्टेट और जमीन में पैसा इन्वेस्ट करने से उन्हें अपने पैसे की चिंता नहीं रहती उन्हें ऐसा लगता है कि जमीन जायदाद में कीमतों में बढ़ोतरी ही होगी कमी नहीं होगी इसीलिए जो लोग पहले सोने और चांदी में ज्यादा इन्वेस्ट किया करते थे वह अब रियल स्टेट और जमीन जायदाद में इन्वेस्ट करने लगे हैं जिसका विपरीत असर जयपुर सराफा बाजार पर पड रहा है ।

## बरेली-भुज-बरेली एक्सप्रेस रेलसेवा का लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर ठहराव

**जयपुर** रेलवे द्वारा चैत्र अमावस्या मेले 2026 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए रेल यात्रियों की सुविधा हेतु बरेली-भुज-बरेली एक्सप्रेस रेलसेवा का दिनांक 17.3.26 व 18.3.26 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14311, बरेली-भुज एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 17.3.26 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 8.22 बजे आगमन एवं 8.24 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14322, भुज-बरेली एक्सप्रेस दिनांक 17.3.26 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 17.45 बजे आगमन एवं 17.47 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकारगाडी संख्या 14321, बरेली-भुज एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 18.3.26 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 8.22 बजे आगमन एवं 8.24 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14312, भुज-बरेली एक्सप्रेस दिनांक 18.3.26 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 17.45 बजे आगमन एवं 17.47 बजे प्रस्थान करेगी।

# पैंथर से 7 घंटे तक रिंगस में दहशत का माहौल, लोग घरों में कैद रहे

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सीकर जिले में रिंगस कस्बे में एक पैंथर के घुस आने के बाद और एक महिला पर हमला बोल देने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत छा गई करीब 7 घंटे तक पैंथर एक मकान से दूसरे मकान में एक कॉलोनी से दूसरी कॉलोनी में इधर-उधर विचरण करता रहा लोग अपने घरों में कैद हो गए घरों के दरवाजे लोगों ने पैक कर लिए इस दौरान सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक मकान में मौजूद पैंथर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया लेकिन पैंथर मकान में एक कोने में चुपचाप बैठा हुआ था इसलिए रेस्क्यू अभियान को ठीक तरह से गति देने में वन विभाग की टीम को काफी परेशानी का सामना करना बड़ा और काफी देर बाद वन विभाग की टीम को सफलता मिली उन्होंने पैंथर का सफल रेस्क्यू करके पकड़ा और फिर वापस उसको जंगल में छोड़ दिया तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली जानकारी के अनुसार रिंगस के वार्ड संख्या 23 में समोटा के पास पैंथर के अचानक आ जाने की वजह से स्थानीय लोग चिंता में पड़ गए यहां पर कभी भी पैंथर का मूवमेंट नहीं देखा गया लेकिन अचानक पैंथर को देखकर लोग घबरा गए इस दौरान पैंथर ने एक मकान में एक महिला पर हमला भी बोल दिया जिसकी वजह से वह घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया इस दौरान पैंथर पूरे कस्बे में इधर से उधर दौड़ता रहा लोगों ने तुरंत वन विभाग और पुलिस को भी सूचित किया लेकिन पैंथर की मौजूदगी से स्थानीय लोगों ने अपने घर के दरवाजे पूरी तरह से पैक कर लिए और अपने पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया करीब 7 घंटे तक पैंथर कस्बे में मौजूद रहा और चारों तरफ घूमता रहा बाद में एक मकान में एक कोने में जाकर बैठ गया तब तक वन विभाग की टीम थी मौके पर आ गई थी लेकिन पैंथर की मकान में लोकेशन का सही अंदाजा वन विभाग की टीम नहीं लगा पाई थी क्योंकि पैंथर नजर नहीं आ रहा था काफी मशक्कत करने के बाद वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू करके पैंथर को अपने कब्जे में किया उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में पैंथर लेपर्ड और अन्य वन्य जीवों के जंगल छोड़कर निकट की आवासीय बस्तियों में घुसकर इंसान और पशुओं पर हमला बोलने की घटनाएं मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है कुछ जगहों पर पैंथर के हमले से लोगों की मौत भी हुई है पैंथर और लेपर्ड के हमले का मामला राजस्थान विधानसभा के पिछले बजट सत्र में भी विधायकों की ओर से जोर-जोर से उठाया गया था जिसका जवाब देते हुए वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा था कि वन्य जीवों के हमले से मौत का शिकार होने वाले लोगों के मुआवजे की राशि को सरकार बढ़ा रही है इसके अलावा वन्य जीव जंगल में ही रहे इसके लिए भी सरकार की ओर से और मजबूत प्रबंध किए जा रहे हैं लेकिन बड़ी बात यह है कि प्रदेश के जंगलों में अवैध लकड़ी की कटाई करने वाले और वन्य जीवों का शिकार करने वाले लोग जंगल में स्थापित तारबंदी को तोड़ देते हैं जो जंगली जानवरों के जंगल से बाहर निकलने में काफी सहायक साबित होती है इसीलिए जंगल में रहने वाले वन्य जीव भूख और प्यास को मिटाने के लिए जंगल छोड़कर निकट की आवासीय बस्तियों में चले आते हैं जानकार लोगों का कहना है कि अगर जंगल में ही वन्य जीवों को सभी तरह की सुविधा मिल जाए तो वे जंगल छोड़ेंगे ही नहीं लेकिन जब उन्हें जंगल में प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिलता है और शिकार नहीं मिलता है तो वह मजबूरन जंगल छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं इसलिए जंगल में वन्य जीवों के पीने के पानी की भी जगह-जगह अच्छी व्यवस्था की जाए गर्मी के दिनों में पानी की और भी विकट समस्या होगी इसलिए वन्य जीव को जंगल में ही पीने का पानी आसानी से मिल जाता है तो फिर वह निकट की बस्तियों में बिल्कुल भी नहीं आएंगे ।

## सम्पादकीय

# भारतीय रसोईघर तक आई ईरान-इजरायल युद्ध की आंच



दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व-सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है। उसके बाद आम लोगों के जीवन-बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है। जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है। हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा-तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है। दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होर्मुज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है। साथ ही बाजार में खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं। एक ओर, जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।



## कहानी

# नाम का आश्रय

बालमित्रो, आप जानते ही हैं कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्म मथुरा में हुआ था । मथुरा और मथुरा के आस पास के गांवों को बृज क्षेत्र कहा जाता है । उनमें से एक गांव का नाम वृंदावन है । जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपनी कई सारी लीलाएं की थीं । बृज में भगवान श्रीकृष्ण जी को माखन-मिश्री का भोग लगाया जाता है । एक समय यहां दूध-दही की नदियां बहती थीं । यह बहुत पहले की बात है । मथुरा नगरी में दूध, दही और माखन वृंदावन, गोकुल, महावन इत्यादि गांवों से आता था । वृंदावन और मथुरा के मध्य यमुना नदी बहती है । उस समय मथुरा वृंदावन आने जाने के लिए नाव का सहारा लिया जाता था । वृंदावन की एक गोपी प्रतिदिन दूध, दही और माखन बेचने मथुरा जाती थी । वह नाव के सहारे यमुना नदी पार करती थी । इसके लिए उसे नाविक को आने-जाने का शुल्क देना पडता था । एक दिन वृंदावन में एक कथा वाचक संत आए हुए थे । वह प्रतिदिन यमुना के तट पर कथा सुनाते थे । उनकी कथा सुनने के लिए वृंदावन के गोप-गोपी भी जाते थे । एक दिन दूध और दही बेचनेवाली गोपी भी उनकी कथा सुनने गई । वृंदावनवासी उनकी कथा का आनंद ले रहे थे । सभी भगवान की भक्ति में डूबे हुए थे । उस दिन वह संत कथा में भगवान के नाम का वर्णन कर रहे थे । सभी को नामजप करने के लिए कह रहे थे । कथा में संत ने कहा कि भगवान के नाम की बडी महिमा है, नाम से बडे बडे संकट भी टल जाते है । नामजप करने से मनुष्य भव सागर भी सरलता से पार कर जाता है । केवल भगवान का नाम ही है जो हमें भवसागर से पार कराता है । यदि भव सागर से पार होना है तो भगवान का नाम कभी मत छोडना । भगवान के नाम में वह शक्ति है जो किसी और वस्तु में नहीं । संत जी ने कहा कि एक कहावत बहुत प्रचिलित है राम से बडा राम का नाम । इसी से हमको नाम की महिमा ध्यान में आती है । गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि 'कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहि पारा' । कथा समाप्त हुई और गोपी अपने घर लौट आई । अगले दिन फिर वह दूध दही बेचने चली । बीच में यमुना जी थी । गोपी को संत की बात का स्मरण हुआ, संत ने कहा था भगवान का नाम तो भवसागर से पार लगाने वाला है । गोपी ने मन ही मन सोचा कि जिस भगवान का नाम भवसागर से पार लगा सकता है तो क्या उन्ही भगवान का नाम मुझे इस साधारण सी नदी से पार नहीं लगा सकता यह सोचकर गोपी ने मन में भगवान का नामजप करना प्रारंभ किया और नाम का आश्रय लेकर भोली भाली गोपी यमुना जी की ओर आगे बढ गई । गोपी को संत की बात पर पूर्ण श्रद्धा थी । इसलिए नामजप करते हुए उसने जैसे ही यमुना जी में पैर रखा तो उसे लगा मानो वह भूमि पर ही चल रही है और इस प्रकार उसने नदी पर एक-एक पग बढाते हुए नदी पार कर ली । नदी के उस पार पहुंचकर गोपी बहुत प्रसन्न हुई, और मन में सोचने लगी कि संत ने तो ये बहुत अच्छा तरीका बताया और अब यमुना जी को पार करने के लिए प्रतिदिन नाविक को भी शुल्क नहीं देना पडेगा । इस प्रकार वह गोपी प्रतिदिन भगवान के नाम का आश्रय लेकर यमुना नदी को पैदल ही पार करने लगी ।

# सरकार के हाथ मजबूत करे निजी क्षेत्र

*बजट युवा-केंद्रित प्राथमिकताओं को उकेरता है। भारत की डिजिटल क्षमता उसकी पहली बड़ी ताकत है। भारत तेजी से मोबाइल-आधारित क्रिएटर इकोनमी बन रहा है। आज युवा सिर्फ कंटेंट देखना नहीं चाहते, वे कंटेंट बनाना भी चाहते हैं। डिजिटल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के लिए हमें डिजिटल माडल्स को सीखने पर जोर देना होगा। रचनात्मक क्षेत्रों में विकास को ध्यान में रख कर बजट में 15,000 स्कूलों और 500 कालेजों में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब बनाने का प्रस्ताव है। इन लैब्स के जरिये युवा तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना सीखेंगे जिससे उनकी रचनात्मक आकांक्षाओं को सही औपचारिक स्वरूप मिलेगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने लायक कौशल विकसित कर पाएंगे।*
*दूसरा अहम स्तंभ है उद्यमिता। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से छोटे शहरों और सुदूर क्षेत्रों तक विस्तार पा रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के आवंटन में 62 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी इसका प्रमाण है कि सरकार भविष्य के लिए सही कौशल से लैस सक्रिय कार्यबल बनाने को लेकर गंभीर है। बजट में टियर-2 और टियर-3 शहरों में इकोनमिक रीजन विकसित करने की बात कही गई है। उद्यमिता और आर्थिक विकास को साथ जोड़ते हुए बात ऐसे शहरों की हो रही है, जहां रोजगार के*



जहां एक तरफ कई देशों में वृद्ध आबादी बढ़ती जा रही है और जापान तथा इटली जैसे देश घटती जन्म दर से जूझ रहे हैं, वहीं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में कामकाजी उम्र के लोगों की जनसंख्या बरकरार है। आज भारत में दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत देश के युवा हैं। युवा संभावनाशील शक्ति बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जरूरत है इस ऊर्जा को सही दिशा देकर एक मजबूत आर्थिक ताकत में रूपांतरित किया जाए। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए गत दिनों संसद में पेश केंद्रीय बजट में युवाओं को सिर्फ 'भविष्य' नहीं कहा गया, बल्कि उन्हें वर्तमान में 'भविष्य का निर्माणकर्ता' माना गया है। इन भविष्य के निर्माताओं को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि उनके लिए अवसरों की ऐसी सीढ़ी तैयार की जाए, जिससे वे अपनी रुचियों और कौशल का सही उपयोग कर नई ऊंचाइयां छू सकें। युवा जनसांख्यिकी के लिए पढ़ाई और रोजगार का ऐसा परिवेश तैयार करना होगा, जो उन्हीं की तरह विविध, बहुआयामी और गतिशील हो। जमीनी वास्तविकताओं और अंतर क्षेत्रीय जटिलताओं को समझते हुए सरकार ने बजट में प्रतिभाओं में निवेश को प्राथमिकता दी है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी योजनाएं शुरू की गईं, जिन्होंने चुनिंदा क्षेत्रों में प्रशिक्षण को उद्योग के साथ जोड़ा और इस साझेदारी से कौशल अंतर को पाटने की कोशिश की। बजट इन योजनाओं को और विस्तार तो देता ही है, साथ ही नए अवसरों की घोषणा भी करता है। भारत की विशिष्टताओं को ध्यान में रख कर देखें तो बजट युवा-केंद्रित प्राथमिकताओं को उकेरता है। भारत की डिजिटल क्षमता उसकी पहली बड़ी ताकत है। भारत तेजी से मोबाइल-आधारित क्रिएटर इकोनमी बन रहा है। आज युवा सिर्फ कंटेंट देखना नहीं चाहते, वे कंटेंट बनाना भी चाहते हैं। डिजिटल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के लिए हमें डिजिटल माडल्स को सीखने पर जोर देना होगा। रचनात्मक क्षेत्रों में विकास को ध्यान में रख कर बजट में 15,000 स्कूलों और 500 कालेजों में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब बनाने का प्रस्ताव है। इन लैब्स के जरिये युवा तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना सीखेंगे जिससे उनकी रचनात्मक आकांक्षाओं को सही औपचारिक स्वरूप मिलेगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने लायक कौशल विकसित कर पाएंगे।

दूसरा अहम स्तंभ है उद्यमिता। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से छोटे शहरों और सुदूर क्षेत्रों तक विस्तार पा रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के आवंटन में 62 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी इसका प्रमाण है कि सरकार भविष्य के लिए सही कौशल से लैस सक्रिय कार्यबल बनाने को लेकर गंभीर है। बजट में टियर-2 और टियर-3 शहरों में इकोनमिक रीजन विकसित करने की बात कही गई है। उद्यमिता और आर्थिक विकास को साथ जोड़ते हुए बात ऐसे शहरों की हो रही है, जहां रोजगार के विकल्पों के साथ-साथ बेहतर जीवन की आशा भी है। घर के पास अच्छे अवसर मिलने से बड़े शहरों की तरफ युवाओं का पलायन कम होगा और देश में संतुलित विकास हो सकेगा।


तीसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है हमारे उच्च शिक्षा संस्थान, जो देश के लिए एक सशक्त भविष्य की नींव रख सकते हैं और जिनकी भूमिका आने वाले दिनों में और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। एजुकेशन टू एंप्लायमेंट एंड एंटरप्राइज नामक एक स्थायी समिति बनाने का जो प्रस्ताव रखा गया है, उसका उद्देश्य है उच्च शिक्षा को रोजगार से जोड़ना, जिससे केवल डिग्री प्राप्त नहीं होगी, बल्कि काम करने का कौशल भी विकसित होगा। साथ ही पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाने की योजना भी रखी गई है। ये टाउनशिप्स संपूर्ण शिक्षा का केंद्र होंगी, जिनमें विश्वविद्यालय, कालेज, शोध संस्थान और कौशल केंद्र, सबके लिए जगह होगी।

इन टाउनशिप्स का निर्माण औद्योगिक इलाकों के पास होगा। इससे पढ़ाई के उपरांत युवाओं को रोजगार भी निकट के इलाके में मिल सकेगा। महानगरों में हम इस तरह के प्रयोगों की सफलता पहले देख चुके हैं। अब हमें उन नए क्षेत्रों पर भी ध्यान देना है, जहां भारत विशेष क्षमता रखता है। इनमें चिकित्सा पर्यटन, आतिथ्य, खेल विज्ञान, सेमीकंडक्टर, फार्मा और डिजाइन जैसे रचनात्मक उद्योग शामिल हैं। अगर शिक्षा, कौशल और उद्योग के बीच बेहतर तालमेल बनाया जाए तो इन क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की जा सकती है।

इस वर्ष का बजट क्षमता निर्माण, नई पहलों और बड़े पैमाने पर प्रतिभा विकास पर जोर देता है। इन पहलुओं को केंद्र में रख कर भारत जहां एक ओर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है, वहीं देश में समावेशी भागीदारी को बढ़ावा भी दे सकता है।

# संतुलन की मांग करता संसदीय प्रतिनिधित्व

*हिंदी पट्टी के कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार आदि की जनसंख्या तेजी से बढ़ी जबकि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों ने परिवार नियोजन, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश कर जनसंख्या वृद्धि को काफी हद तक नियंत्रित किया। परिणामस्वरूप आज दक्षिण के कई राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर कम है, जबकि उत्तर के कुछ राज्यों में जनसंख्या बढ़ी है। यदि 2026 के बाद सीटों का बंटवारा केवल जनसंख्या के आधार पर किया जाता है तो उत्तरी राज्यों की लोकसभा में सीटें बढ़ सकती हैं और दक्षिणी राज्यों का अनुपात घट सकता है। यही कारण है कि दक्षिण के कई नेता इसे लेकर चिंता जता रहे हैं। यह चिंता केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि भावनात्मक भी है। दक्षिण भारत के राज्यों का तर्क है कि उन्होंने राष्ट्रीय नीति के अनुरूप जनसंख्या नियंत्रण को अपनाया,*



यह साल भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। इस वर्ष लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण (डिलिमिटेशन) पर लगी संवैधानिक रोक समाप्त होने वाली है। यह देखने या सुनने में एक साधारण प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन इसका गहरा असर देश की राजनीति, राज्यों की ताकत और संघीय ढांचे पर पड़ सकता है। असल सवाल यह है कि क्या संसद में प्रतिनिधित्व केवल जनसंख्या के आधार पर तय होना चाहिए? और अगर ऐसा हुआ तो क्या इससे कुछ राज्यों को नुकसान होगा?

संसद में जब भी संघीय ढांचे पर बहस के बिंदु आते हैं तो डा. आंबेडकर का भाषण अक्सर याद आता है, जिसमें उन्होंने राज्यों के अधिकारों को सर्वोपरि रखा था। लोकसभा सीटों का वर्तमान बंटवारा 1971 की जनगणना पर आधारित है और उसके बाद जनसंख्या के अनुसार सीटों को बदला नहीं गया। ऐसा इसलिए किया गया था, ताकि जो राज्य जनसंख्या नियंत्रण में सफल रहें, उन्हें राजनीतिक नुकसान न हो। उस समय यह सहमति बनी थी कि जनसंख्या नियंत्रण राष्ट्रीय लक्ष्य है, इसलिए जो राज्य इसे गंभीरता से लागू करेंगे, उन्हें दंडित नहीं किया जाएगा, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

हिंदी पट्टी के कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार आदि की जनसंख्या तेजी से बढ़ी जबकि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों ने परिवार नियोजन, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश कर जनसंख्या वृद्धि को काफी हद तक नियंत्रित किया। परिणामस्वरूप आज दक्षिण के कई राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर कम है, जबकि उत्तर के कुछ राज्यों में जनसंख्या बढ़ी है। यदि 2026 के बाद सीटों का बंटवारा केवल जनसंख्या के आधार पर किया जाता है तो उत्तरी राज्यों की लोकसभा में सीटें बढ़ सकती हैं और दक्षिणी राज्यों का अनुपात घट सकता है। यही कारण है कि दक्षिण के कई नेता इसे लेकर चिंता जता रहे हैं। यह चिंता केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि भावनात्मक भी है। दक्षिण भारत के राज्यों का तर्क है कि उन्होंने राष्ट्रीय नीति के अनुरूप जनसंख्या नियंत्रण को अपनाया, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम किया और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया।

वे देश की जीडीपी में बड़ा योगदान देते हैं। वे पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार आर्थिक न्याय की मांग रखते हुए आ रहे हैं। अब यदि उन्हें कम सीटें मिलती हैं, तो यह एक तरह से उनकी सफलता की सजा होगी। दूसरी ओर, उत्तर भारतीय नागरिक भी यह महसूस करते हैं कि उनके प्रतिनिधि बहुत बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक सांसद को लाखों से अधिक लोगों की समस्याओं से जूझना पड़ता है, जबकि कुछ अन्य राज्यों में एक सांसद कम आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में 'एक व्यक्ति, एक वोट' के आधार पर सीटों का नया बंटवारा न्यायसंगत प्रतीत होता है। यही इस पूरे विवाद का केंद्र है, जनसंख्या के आधार पर समान प्रतिनिधित्व बनाम राज्यों के संतुलित अधिकार। यदि केवल संख्या के आधार पर निर्णय लिया गया, तो संसद में शक्ति का संतुलन एक खास भौगोलिक क्षेत्र की ओर झुक सकता है। इससे राजनीतिक दलों की रणनीति भी बदल सकती है। संभव है कि कोई दल केवल कुछ बड़े जनसंख्या वाले राज्यों में अच्छा प्रदर्शन कर केंद्र में बहुमत हासिल कर ले। तब उसे देश के अन्य हिस्सों में व्यापक समर्थन जुटाने की उतनी आवश्यकता न रहे और इसका सबसे बड़ा असर संघीय ढांचे पर भी पड़ सकता है। भारत एक संघीय व्यवस्था है, जहां केंद्र और राज्य दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण हैं। यदि राजनीतिक ताकत एक ही क्षेत्र में केंद्रित हो जाती है, तो वित्तीय फैसलों पर भी उसका असर दिख सकता है। पहले से ही वित्त आयोग राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर संतुलन बनाने की मुश्किल कोशिश करता है और फिर भी असमान वितरण जैसी समस्याएं सामने आती हैं। यदि राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन बढ़ा, तो संसाधनों के बंटवारे को लेकर भी असंतोष पैदा हो सकता है।

# मुसीबत बने ट्रंप

ईरान ने जिस तरह यह चेतावनी दी कि विश्व दौ सौ डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल खरीदने के लिए तैयार रहे, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र वाले समुद्री मार्ग होर्मुज से तेल टैंकरों को निकलने की अनुमति देने वाला नहीं है। उसने इसका संकेत होर्मुज जल मार्ग में कुछ तेल टैंकरों पर हमला करके भी दिया। वह ऐसा करके खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित करने के इरादे ही प्रकट कर रहा है। वह तेल टैंकरों पर हमला करने के साथ ही खाड़ी के देशों के तेल एवं गैस ठिकानों को भी निशाना बना रहा है। इसके चलते कुछ जगहों पर तेल एवं गैस का उत्पादन रोकना पड़ा है। इसका सीधा मतलब है कि ईरान तेल



एवं गैस आपूर्ति संकट को और अधिक गहराना चाहता है, ताकि दुनिया में हाहाकार मचे और इसके नतीजे में खाड़ी के देशों के साथ अन्य देश अमेरिका एवं इजरायल पर इसके लिए दबाव बनाएं कि वे ईरान पर हमले बंद करें। इसमें संदेह है ईरान पर इसका कोई असर पड़ेगा कि 135 देश उसकी ओर से खाड़ी के देशों को निशाना बनाए जाने के कारण संयुक्त राष्ट्र में उसके खिलाफ निंदा प्रस्ताव ले आए। चूंकि ईरान यह भी दिखा रहा है कि वह पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित करने के साथ ही सैन्य संघर्ष लंबा खींचना चाहता है, इसलिए अमेरिका को विश्व के समक्ष गहराते ऊर्जा संकट को खत्म करने के लिए सक्रियता दिखानी होगी। उसने इजरायल के साथ ईरान पर हमला करके न केवल पश्चिम एशिया को अस्थिर एवं अशांत किया है, बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष ऊर्जा आपूर्ति का संकट खड़ा करने का काम किया है। उसे यह पहले दिन से पता होना चाहिए था कि ईरान पर हमला करने और युद्ध लंबा खिंचने की स्थिति में तेल एवं गैस की किल्लत पैदा होगी और इसके दुष्परिणाम उसके साथ पूरी दुनिया को भोगने पड़ेंगे। फिलहाल ऐसी ही स्थिति बन रही है। भारत समेत अनेक देशों को अन्य स्रोतों से तेल एवं गैस हासिल करना कठिन हो रहा है। उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। यह निराशाजनक है और चिंताजनक भी कि अमेरिका ने ईरान को निशाना बनाकर जो संकट खड़ा किया, उसके समाधान के लिए वह बहुत अधिक तत्पर नहीं दिखता। अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की सैन्य शक्ति कुंद करने के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं, लेकिन वे इजरायल और खाड़ी देशों में उसके जवाबी हमले नहीं रोक पा रहे हैं।

# अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 81 गैस सिलेंडर जब्त

## बाड़ी में विजय कैटरर्स के गोदाम व होटल पर छापेमारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने तथा अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बाड़ी कस्बे में छापेमारी कर कुल 81 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने की। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जांच दल ने बाड़ी कस्बे में बसेड़ी रोड स्थित विजय कैटरर्स के गोदाम पर छापा मारकर 79 गैस सिलेंडर बरामद किए। इनमें 24 सिलेंडर 14.2 किलोग्राम घरेलू श्रेणी के, 28 सिलेंडर 5 किलोग्राम घरेलू श्रेणी के तथा 27 सिलेंडर 19 किलोग्राम व्यावसायिक श्रेणी के पाए गए। इस दौरान बताया गया है कि यह गोदाम विजय सिंघल का है, जो विवाह एवं अन्य आयोजनों में भोजन बनाने का ठेका लेता है तथा गैस सिलेंडरों की व्यवस्था भी स्वयं करता है। कार्यवाही के दौरान बसेड़ी रोड स्थित स्काईजिन रेस्टोरेंट व होटल में भी जांच की गई, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग कर भोजन तैयार किया जा रहा था। यहां से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार दोनों स्थानों से कुल 81 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल में गजेन्द्र बाबू शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, जितेन्द्र गोठवाल सहित पुलिस दल भी मौजूद रहा। डीएसओ खिंची ने बताया कि धौलपुर जिले में आम उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। 12 मार्च 2026 को 4340 सिलेंडरों का वितरण किया गया, जबकि 13 मार्च 2026 को भी 4000 से अधिक सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और समय पर अपनी गैस बुकिंग कराएं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध भंडारण, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग अथवा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** उपखण्ड कार्यालय सभागार में उपखण्ड अधिकारी दिलीप सिंह राठोड़ की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपखण्ड क्षेत्र के विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं की प्रगति और जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जलदाय विभाग के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और पाइपलाइन लीकेज या अन्य तकनीकी खराबियों को तुरंत ठीक किया जाए। पी एम कुसुम योजना, नरेगा और सीएससी पिंक टॉयलेट के कार्यों में तेजी लाने तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए गए। आगामी राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों की भी समीक्षा की गई। ?बैठक में तहसीलदार चौमूं , विकास अधिकारी गोविंदगढ़, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंदगढ़, सहायक अभियंता, जलदाय विभाग और अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारी ने सभी को टीम भावना के साथ आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश दिए।

## सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सैनी समाज के 19वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में चौमूं में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने पोस्टर का विमोचन कर समाज के लोगों से अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि सैनी समाज का 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 26 मार्च को चौमूं शहर के मुख्य बस स्टैंड स्थित सैनी समाज सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, निवर्तमान सभापति विष्णु कुमार सैनी, महामंत्री मदनलाल मालेरिया, उपाध्यक्ष गणेश बैनाड़िया, ब्लॉक कर्मचारी विकास संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, डॉ. मान प्रकाश सैनी, पूर्व अध्यक्ष घीसालाल तंवर, पूर्व महामंत्री मदनलाल बागड़ी, सुरेश तंवर, ओमप्रकाश भगत, हरिनारायण सैनी, प्रकाश राई, कैलाश चांदोलिया सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## एक शाम बाबा श्याम के नाम भजन संध्या को लेकर दिया न्यौता




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** श्री मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले दशम श्री श्याम महोत्सव 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' संगीत संध्या की सफलता को लेकर चौमूं गढ़ स्थित गणेश जी को निमंत्रण दिया गया और कार्यक्रम सफलता की कामना की। श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के महंत कैलाश भगत ने बताया कि चौमूं शहर के वार्ड नंबर 43 विकास नगर सामोद रोड, बाईपास पुलिया के पास स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर में बाबा श्याम का दसवां श्री श्याम महोत्सव एक शाम बाबा श्याम के नाम मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12:15 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलेगा। महोत्सव के दौरान 108 कलर की झांकी सजाई जाएगी। बाबा के छप्पन भोग की झांकी और 108 फलों की झांकी और विदेशी फूलों की ओर से बाबा की फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। इत्र वर्षा के साथ क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। गणेश निमंत्रण के दौरान विक्रम सैनी, पुष्पेंद्र सैनी, राकेश सैनी, गोपाल सिंह, दीपक सैनी, कुनाल सैनी, नवल किशोर प्रजापत सहित की लोग मौजूद रहे।

## पूर्व पार्षद ने लगाया गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी का आरोप

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** नगर परिषद के पूर्व पार्षद विक्रम सिंह जोधा ने गैस एजेंसी पर गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जब उनसे संपर्क किया जाता है तो वह कहते हैं गैस की बुकिंग चालू है, जबकि गैस की बुकिंग उन्होंने बंद कर रखी है। अपने जानकारों को महंगे भाव में सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। घरों में लोगों के चूल्हे गैस के अभाव में बंद पड़े हैं, तो फिर बड़ी-बड़ी होटल को रेस्टोरेंट में गैस कहां से आ रही है। पूर्व पार्षद विक्रम सिंह जोधा ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि ऐसे काला बाजारी करने वाले लोगों पर कार्यवाही करें और गैस एजेंसियों के रिकॉर्ड का तथ्यात्मक अध्ययन करें और आम जनता के हित में कार्य करें, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

## पूर्व पार्षद राजेश वर्मा का सुझाव चौमूं में बना चर्चा का केंद्र

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** शहर के कचोलिया रोड स्थित विधायक कार्यालय पर शुक्रवार को नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ. शिखा मील बराला से भेंटकर विधायक कोष के प्रभावी उपयोग को लेकर एक जनहितकारी सुझाव ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में वर्मा ने प्रस्ताव रखा कि विधायक कोष का उपयोग ऐसे विकास कार्यों में किया जाए जो प्रतिदिन जनता को दिखाई दें और सीधे उनके जीवन को सहज बनाएँ। उन्होंने कहा कि बस स्टॉप वह स्थान है जहाँ किसान, छात्र, महिलाएँ, बुजुर्ग और श्रमिक रोज़ाना खड़े रहते हैं। यदि इन स्थानों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हों, तो विकास केवल कागज़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में सीधे महसूस होगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधायक कोष के माध्यम से गाँव और शहर दोनों क्षेत्रों में समान रूप से दिखाई देने वाला विकास मॉडल स्थापित किया जा सकता है। चौमूं विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत, चौमूं नगर परिषद व कालाडेरा नगर पालिका क्षेत्र के सभी बस स्टॉप्स को एक समान डिज़ाइन और पहचान के साथ विकसित किया जाए, ताकि पूरा क्षेत्र एक व्यावहारिक व जनोपयोगी उदाहरण के रूप में उभर सके।
ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने विधायक कोष से बस स्टॉप्स पर वर्षा, धूप व सर्दी से बचाव के लिए शेड, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और आवश्यकता अनुसार टॉयलेट जैसी मूलभूत सुविधाएँ विकसित किए जाने की मांग की, ताकि आमजन को प्रत्यक्ष राहत मिल सके और विकास का वास्तविक स्वरूप जमीन पर दिखाई दे। इस अवसर पर छीतरमल बबेरवाल, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के पूर्व विधानसभा, चौमूं अध्यक्ष शहजाद खान लोहानी व मिसाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## सेवास्तंभ महासंघ में राजकुमार देवाल को बड़ी जिम्मेदारी, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष बने

### संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों के हितों की आवाज बुलंद करने में निभाएंगे अहम भूमिका

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कर्मचारी कल्याण महासंघ (सेवास्तंभ) राजस्थान ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार देवाल को फुलेरा विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में संगठन के कार्यों को नई ऊर्जा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष जी.एल. कालोया (पूर्व न्यायाधीश) के निर्देशन तथा प्रदेश महासचिव रवि शंकर की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष दिनेश जाटोलिया द्वारा यह नियुक्ति की गई। जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि राजकुमार देवाल संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राजकुमार देवाल लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और विभिन्न जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। क्षेत्र में उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके अध्यक्ष बनने से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, संगठन के विस्तार और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि राजकुमार देवाल के नेतृत्व में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में सेवास्तंभ महासंघ और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की आवाज प्रशासन और सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। 7नियुक्ति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने राजकुमार देवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। देवाल ने भी संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, संगठन की मजबूती और समाजहित के कार्यों को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाएंगे।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

### चौमूं पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ 24 धोखाधड़ी के मामले दर्ज

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को चौमूं पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी विभिन्न स्थानों पर लोगों को झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल लेता था और उनके खातों से रुपए निकालकर ठगी करता था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा (आईपीएस) ने बताया कि शहर में बढ़ती एटीएम धोखाधड़ी की घटनाओं को देखते हुए आरोपियों पर निगरानी रखने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता (आरपीएस) और सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं उषा यादव (आईपीएस) के सुपरविजन तथा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार परिवादी दुर्गा प्रसाद तम्बोलिया निवासी बसंत विहार, जयपुर रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 दिसंबर 2025 को वह माताजी मंदिर के पास एसबीआई एटीएम पर पैसे निकालने गया था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में खाते से करीब 40 हजार रुपए निकाल लिए, साथ ही एक ज्वैलर्स दुकान से करीब 70 हजार रुपए की खरीदारी कर ली। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एटीएम और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज और हुलिये के आधार पर आरोपी की पहचान राजेन्द्र कुमार मीणा उर्फ राजू (46) निवासी मोटू मीणा की ढाणी, ग्राम न्योराणा, थाना पाटन, जिला सीकर के रूप में हुई। पुलिस ने उसे दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने एटीएम कार्ड बदलकर वारदात करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के 24 मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और अन्य वारदातों के संबंध में भी जांच जारी है। इस कार्रवाई में प्रहलाद सिंह (हेड कांस्टेबल), दिनेश (हेड कांस्टेबल), घनश्याम, धोलूराम और मूलचंद कांस्टेबल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र।

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र की यातायात समस्याओं और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा हैं। शर्मा ने जयपुर-सीकर राजमार्ग की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसे 6-लेन में क्रमोन्नत करने और चौमूं के राधास्वामी बाग कट पर फ्लाईओवर व सर्विस रोड निर्माण की मांग उठाई है। अपने पत्र में पूर्व विधायक शर्मा ने अवगत कराया कि ह्॥-52 वर्तमान में 4-लेन है, लेकिन विश्व प्रसिद्ध श्री खाटूश्याम मंदिर और श्री सालासर बालाजी मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के कारण इस मार्ग पर श्रद्धालुओं का निरंतर आवागमन रहता है। इसके साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र को राजधानी से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने की वजह से यहाँ भारी वाहनों का दबाव अपनी क्षमता से कई गुना अधिक हो चुका है। साथ ही विशेष रूप से चौमूं के राधास्वामी बाग कट की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि यहाँ फ्लाईओवर/पुलिया के अभाव में शहर के भीतर प्रवेश करने वाले वाहनों का भारी दबाव रहता है। इसके कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें जान-माल की हानि हो रही है। साथ ही, वाहनों के अत्यधिक जमाव के कारण स्थानीय निवासियों और यात्रियों को लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। पूर्व विधायक शर्मा ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि जयपुर से रींगस तक के राजमार्ग को जनभावनाओं और सुरक्षा की दृष्टि से 6-लेन किया जाए।

## मकराना के गौतम इंदौरा को मिलेगा 'राजस्थान समरसता गौरव अवार्ड'

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निस)।** शहर के मार्बल व्यापारी, उद्योगपति तथा विश्व हिंदू परिषद मकराना के प्रखंड मंत्री गौतम इंदौरा को सामाजिक व व्यावसायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'राजस्थान समरसता गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 30 मार्च को जयपुर में आयोजित राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत समृद्ध सांस्कृतिक सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुति भी आयोजित होगी, जिसमें 25 देशों के राष्ट्रध्वजों की उपस्थिति में आयोजन संपन्न होगा। डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि मकराना निवासी गौतम इंदौरा को उनकी सामाजिक सक्रियता और व्यावसायिक उपलब्धियों को देखते हुए आदर्श प्रतिभा के रूप में यह सम्मान दिया जा रहा है।

## रमजान की रौनक में जगमगाया मकराना, सदर बाजार मस्जिद आकर्षक रोशनी से। सजा

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निस)।** पवित्र माह-ए-रमजान के दौरान मकराना शहर में ईद-उल-फितर की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर की विभिन्न मस्जिदों को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जा रहा है। खास तौर पर सदर बाजार की मस्जिद को रंग-बिरंगी लाइटों और सुंदर सजावट से सजाया गया है, जिससे पूरा इलाका रोशनी और रौनक से जगमगा उठा है। रमजान के इस मुबारक महीने में रोजेदार दिनभर रोजा रखकर शाम को इफ्तार करते हैं और रात में तरावीह नमाज अदा करते हुए इबादत और दुआओं में मशगूल रहते हैं। जैसे-जैसे ईद-उल-फितर का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे मस्जिदों और बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। सदर बाजार की मस्जिद की आकर्षक सजावट लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसकी खूबसूरती देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से भी लोग पहुंच रहे हैं। रमजान के दौरान मस्जिदों में इबादत, तरावीह नमाज और धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ बाजारों में भी खास चहल-पहल देखने को मिल रही है। रोशनी और सजावट से सजे बाजारों के बीच पूरा शहर ईद की खुशियों के स्वागत के लिए तैयार नजर आ रहा है।

## मकराना की सब्जी मंडी में रोज लग रहा जाम, अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी

**मकराना(निस)।** शहर की मुख्य सब्जी मंडी स्थित इमाम चौक गोड़ा बास क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या आम होती जा रही है। खासकर फल-सब्जी के ठेले सड़क पर खड़े होने और अतिक्रमण बढ़ने के कारण यहां रोजाना लंबा जाम लग जाता है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दूर से आने वाले खरीदारों, वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोड़ा बास सब्जी मंडी के आसपास बड़ी संख्या में फल-सब्जी विक्रेताओं के ठेले सड़क तक फैल जाने से यातायात बाधित हो जाता है। कई बार वाहन चालकों को बीच सड़क पर खड़े ठेलों के कारण रुकना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से सब्जी मंडी को उसी स्थान पर व्यवस्थित रखने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अतिक्रमण और अनियंत्रित ठेलों के कारण जाम की समस्या अभी भी बनी हुई है। बाजार के व्यस्त समय में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से मांग की है कि सब्जी मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नियमित निगरानी बढ़ाई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

## घर में आगजनी, पिस्टल से हवाई फायरिंग, फिर भी कार्रवाई नहीं

### तखतगढ़ पुलिस पर गंभीर सवाल, एसपी से गुहार

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** तखतगढ़ थाना क्षेत्र के चाणौद गांव में आगजनी और पिस्टल से हवाई फायरिंग जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद पुलिस की ढिलाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि घटना के बाद भी स्थानीय पुलिस ने समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान पीड़ित को आखिरकार न्याय के लिए सीधे जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) का दरवाजा खटखटाना पड़ा। एसपी के हस्तक्षेप के बाद ही तखतगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। चाणौद निवासी मोहनलाल पुत्र मांगीलाल ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च की रात करीब 1:30 बजे आरोपी रतनलाल मीणा शराब के नशे में उसके घर के बाहर पहुंचा और चारों ओर लगी कांटों की बाड़ में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सामान, बच्चों के कपड़े, पशुओं का चारा (घास) और जलाऊ लकड़ियां जलकर राख हो गईं। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने उसकी बात के अनुसार रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उससे जबरन कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद लंबे समय तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मोहनलाल का कहना है कि आरोपी एक मंदिर का सेवक है और उसकी राजनीतिक पहुंच होने के कारण पुलिस उस पर कार्रवाई करने से बचती रही। पीड़ित के अनुसार आरोपी खुलेआम अवैध पिस्टल लेकर घूमता है और लोगों को डराता-धमकाता है। पीड़ित ने शिकायत में यह भी बताया कि हाल ही में आरोपी उसके घर के सामने आया और पिस्टल से हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी। जब वह इसकी शिकायत करने थाने पहुंचा तो कथित तौर पर वहां मौजूद पुलिस अधिकारी ने उससे गाली-गलौच की और उल्टा जेल भेजने की धमकी दे डाली। लगातार हो रही अनदेखी से परेशान होकर पीड़ित ने आखिरकार जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। इसके बाद एसपी कार्यालय से मामला तखतगढ़ थाने को भेजा गया, जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अशोक सैन को सौंपी गई है।

इधर, इस पूरे घटनाक्रम ने तखतगढ़ थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि कई मामलों में पीड़ितों को थाने में सुनवाई के बजाय कोर्ट इस्तगासे या एसपी के आदेश का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में आमजन के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या बिना ऊपरी दबाव के तखतगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज होना मुश्किल हो गया है? अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि गंभीर आरोपों से जुड़े इस मामले में पुलिस जांच कितनी निष्पक्ष होती है और पीड़ित को वास्तविक न्याय मिल पाता है या नहीं।




## इम्तियाज अली की 'हीर रांझा' में नजर आएंगी सारा अर्जुन

इम्तियाज अली ने 14 फरवरी के दिन हीर रांझा फिल्म का ऐलान किया था। इसके अनाउंसमेंट वीडियो में हमें लैला मजनू की झलकियां देखने को मिली थी। लेकिन साथ ही हीर रांझा का भी कनेक्शन दिखाई दिया था। अब फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसकी कास्ट को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं।

### 'लैला मजनू' का पार्ट 2

'हीर रांझा' फिल्म मशहूर पंजाबी लोककथा पर आधारित एक भव्य रोमांटिक कहानी होगी। इस प्रोजेक्ट के साथ दोनों भाई एक बार फिर एपिक लव स्टोरी की दुनिया में लौट रहे हैं। फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी, जो इससे पहले इम्तियाज और साजिद के साथ 'लैला मजनू' में काम कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 'हीर रांझा' को 'लैला मजनू' फ्रेंचाइजी का दूसरा चैप्टर माना जा रहा है, जो लव स्टोरी के पार्ट को आगे बढ़ाएगा। फिल्म की घोषणा के बाद से ही कास्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर फेम सारा अर्जुन इस फिल्म में फीमेल लीड के लिए सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स एक फ्रेश चेहरे की तलाश में हैं और सारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। बता दें कि 2025 में आई आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से सारा ने खास पहचान बनाई थी और अब वह इंडस्ट्री की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में गिनी जा रही हैं।

### कौन होगा मेल लीड?



वहीं, मेल लीड के लिए रोहित सराफ का नाम चर्चा में है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अगर रोहित और सारा की जोड़ी बनती है तो उन्हें बड़े पर्दे पर रोमांस करते देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल कास्टिंग प्रक्रिया जारी है।



## मैंने मेहनत की, सीखा और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई

फिल्मी दुनिया में कलाकारों की चमक-दमक अक्सर लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन इस चमक के पीछे कड़ा संघर्ष छिपा होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने करियर, बचपन और निजी अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अभिनय उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। कुछ बातें ऐसी हैं जिन पर वे कभी समझौता नहीं कर सकतीं। भूमि पेडनेकर हाल ही में वेब सीरीज 'दलदल' में नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने जीवन के कई अहम पहलुओं पर बात की।


उन्होंने कहा, ''जब मैं सिर्फ 12 साल की थी, तभी मैंने अपनी मां को साफ कह दिया था कि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं। उस उम्र में यह सपना बहुत बड़ा था, लेकिन मैंने अपने लक्ष्य को कभी छोड़ा नहीं। मैंने मेहनत की, सीखा और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। आज मैं अपनी दमदार भूमिकाओं और मजबूत अभिनय के लिए जानी जाती हूं।'' कार्यक्रम के दौरान भूमि ने अपने स्कूल के दिनों की एक ऐसी घटना भी साझा की, जिसने उन्हें अंदर तक प्रभावित किया था। उन्होंने कहा, ''एक दिन जब मैं अपनी कक्षा में लौटी तो मुझे एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर मेरे शरीर को लेकर मजाकिया और अपमानजनक शब्द लिखे थे। उस समय मैं बहुत छोटी थी और ऐसी बातें मेरे मन पर गहरा असर डाल गईं।'' उन्होंने कहा, ''कम उम्र में इस तरह की छींटाकशी और बदमाशी बच्चों को डर और असुरक्षा का एहसास कराती है। यह अनुभव मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने समय के साथ खुद को मजबूत बनाया।''

भूमि ने कहा, ''मैं किसी भी ऐसी भूमिका का हिस्सा नहीं बनूंगी जिसमें महिलाओं के प्रति अपमान हो। मेरे लिए आत्मसम्मान और महिलाओं का सम्मान सबसे अहम है। मैं ऐसी कहानियों का हिस्सा नहीं बनना चाहती, जहां महिला किरदार को कमजोर या कमतर दिखाया जाए। मैं ऐसे भी किरदार निभाना पसंद नहीं करती जिनमें करने के लिए बहुत कम हो। मैंने अपने करियर में बहुत मेहनत करके एक ऐसी पहचान बनाई है जो उनके अभिनय पर आधारित है, और मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझसे मजबूत और प्रभावशाली भूमिकाओं की ही उम्मीद रखें।''



## अनुभव सिन्हा ने की अहान-अनीत की तारीफ





अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा इन दिनों अपनी हालिया फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को पसंद किया जा रहा है और क्रिटिक्स से लेकर दर्शक तक इसकी कहानी की तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच अनुभव सिन्हा ने दो रोमांटिक फिल्मों 'सैयारा' और 'तेरे इश्क में' को लेकर अपनी राय रखी। साथ ही उन्होंने अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए सितारों की भी जमकर तारीफ की।ज़ूम के साथ बातचीत में अनुभव सिन्हा ने 'सैयारा' की तारीफ करते हुए बताया कि किस बात ने उन्हें इस फिल्म के लिए आकर्षित किया। निर्देशक ने कहा कि ये दोनों बच्चे बहुत अच्छे हैं। अहान और अनीत, और उनकी फिल्म 'सैयारा' बहुत पसंद आई। दोनों कलाकार बेहद ईमानदार और सच्चे थे और वे दोनों एक ही फिल्म में इतना विश्वास रखते थे। इस दौरान अनुभव सिन्हा ने बताया कि उन्होंने रणवीर सिंह की 'धुरंधर', कृति सैनन की 'तेरे इश्क में' और सनी देओल की 'बॉर्डर 2' सहित हाल ही में रिलीज हुई ये तीनों फिल्में देखी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मैं विभिन्न शहरों का दौरा कर रहा था, इसलिए मैं विभिन्न सिनेमा हॉल में जाता था और 15-20 मिनट के लिए बैठकर फिल्म देखता था। इसलिए मैंने 'धुरंघर' के लगभग 5-20 मिनट देखे हैं। 'तेरे इश्क में' मैंने इसे भोपाल के एक थिएटर में देखी और 'बॉर्डर 2' मैंने हैदराबाद में देखी।

## किआरा आडवाणी नहीं होगी 'मधुबाला' की बायोपिक का हिस्सा

भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला की बायोपिक काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई है। बीच में ऐसी चर्चाएं थीं कि किआरा आडवाणी इस बायोपिक में मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। जबकि संजय लीला भंसाली इस फिल्म का निर्माण करेंगे। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि किआरा इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। इंडस्ट्री से जुड़े एक अदरूनी सूत्र ने इस खबर को खारिज किया है। सूत्र ने बताया कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित मधुबाला की बायोपिक में किआरा आडवाणी के अभिनय की खबरों में कतई सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह निराधार और अटकलबाजी पर आधारित हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन करेंगी। जसमीत ने आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा स्टारर ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डार्लिंग्स' का भी निर्देशन किया था।



## विद्या बालन की फिल्मों ने मेरा सोचने का तरीका बदल दिया

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा, ''विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने 'द डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं।''

दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जिनमें कहानी का पूरा भार उनके किरदार पर टिका होता है। 'नो वन किल्ड जेसिका', 'तुम्हारी सुलु' और 'शेरनी' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और अभिनय के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी फिल्मों ने साबित किया कि बॉलीवुड में सिर्फ बड़े हीरो ही नहीं, बल्कि अच्छी कहानी और दमदार अभिनय भी फिल्म को सफल बना सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तापसी पन्नू और विद्या बालन एक साथ काम कर चुकी हैं। दोनों कलाकारों ने साल 2019 की चर्चित फिल्म 'मिशन मंगल' में एक साथ अभिनय किया था।





## बड़े पर्दे के लिए बनाई गई है 'सूबेदार'

एवरग्रीन एक्टर अनिल कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इसे क्रिटिक्स की मिली-जुली समीक्षाएं ही हासिल हुई हैं। हालांकि, अनिल कपूर के अभिनय की काफी सराहना हुई। अब फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने भी फिल्म देखी है और इसकी समीक्षा की है। अनुराग कश्यप का मानना है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना चाहिए था। उन्होंने कलाकारों के अभिनय, एक्शन और फिल्म की सादगी की प्रशंसा की है।

### इसे बड़े पर्दे पर आना चाहिए था

अनुराग कश्यप ने 'सूबेदार' की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने फिल्म से अनिल कपूर की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही फिल्म का रिव्यू करते हुए अनुराग ने लिखा, 'प्राइम वीडियो पर आई फिल्म 'सूबेदार' को सिनेमाघरों में रिलीज होना चाहिए था। इसे सिनेमाघरों में देखना मुझे बहुत अच्छा लगता। यह साफ तौर पर बड़े पर्दे के लिए एनामोर्फिक तकनीक से शूट की गई है, बड़े पर्दे के लिए ही बनाई गई है। सुरेश त्रिवेणी बुंदेलखंड/चंबल की एक जीवंत दुनिया रचते हैं, जिसमें पितृसत्ता और विशेषाधिकार का भाव साफ झलकता है। जहां महिलाएं पुरुषों के बराबर पितृसत्तात्मक हैं और जो नहीं हैं, वे भी पुरुषों की तरह संघर्ष करती हैं। ये पुरुष प्रधान बीहड़ इलाके हैं, जहां कभी फूलन देवी का जन्म हुआ था।'


निर्देशक ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'दुनिया तब से बदली नहीं है, बल्कि और भी बदतर हो गई है। इसी दुनिया में हमारा सूबेदार आता है। जिस दुनिया ने पान सिंह तोमर को भी जन्म दिया, उसी दुनिया में यह पूर्व सैनिक पूरी तरह से असभ्य आम लोगों की दुनिया के खिलाफ खड़ा है। पूरी तरह से काल्पनिक, लेकिन इसे देखकर मुझे यकीन करने का मन करता है। तनाव (शोर कम करने वाले हेडफ़ोन लगाकर देखा) और दृढ़ता और खामोशी से भरपूर, और एक सुनियोजित गति के साथ। बहुत मजा आया, लेकिन अगर मैंने इसे दर्शकों से भरे थिएटर में देखा होता तो और भी ज्यादा आनंद आता।'

### कलाकारों के अभिनय को सराहा

कलाकारों के अभिनय की तारीफ करते हुए अनुराग कश्यप ने कहा कि अनिल कपूर ने इस फिल्म में भी अपने अंदर की आग को बरकरार रखा है। फैसल मलिक शानदार हैं, मोना सिंह क्या नहीं कर सकतीं और आदित्य रावल ने छोटे शहर के, सोशल मीडिया से प्रभावित एल्विस यादव जैसे खलनायक का किरदार बखूबी निभाया है। जिससे मुझे नफरत होने का मन करता है। आखिर में मुझे राधिका मदान को और देखना है, जोशीली और संवेदनशील, वो चमक उठीं। मेरे हमेशा भरोसेमंद कल्लू मामा की एक्शन फिल्म 2026 में देखना मेरे कैलेंडर में नहीं था। मजा आया सर।

### ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है

अंत में टेक्निकल पक्ष की तारीफ करते हुए अनुराग ने कहा कि खूबसूरत दृश्यों की फोटोग्राफी, शानदार हाईवे वेज, शानदार एक्शन। ऐसे समय में जब हर कोई एक्शन के घिसे-पिटे पैटर्न को अपना रहा है, यहां की सादगी वाकई दिल को छू लेती है। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई। इसे एक बार जरूर देखें। खास बात- रणवीर का किरदार निभाने वाला अभिनेता शानदार है। ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है।



# भिवंडी में उमड़ा आस्था का सैलाब : संत गोविंद वल्लभ दास का अभूतपूर्व स्वागत

## शोभायात्रा और भजन संध्या ने रच दिया आध्यात्मिक इतिहास

जयपुर टाइम्स









**सुमेरपुर/भिवंडी(निस)।** होली के पावन पर्व पर शुक्रवार को भिवंडी शहर में आस्था, भक्ति और संस्कृति का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने पूरे शहर को आध्यात्मिक उल्लास में डुबो दिया। श्री श्री 1008 संत गोविंद वल्लभ दास महाराज के आगमन पर आयोजित होली मिलन समारोह देखते ही देखते विराट आध्यात्मिक उत्सव में बदल गया। संत के स्वागत में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा शहर जयकारों, भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। सजे-धजे रथ पर विराजित संत गोविंद वल्लभ दास महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालु मार्गभर उमड़ते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संत का स्वागत किया गया, वहीं 'जय गुरुदेव' के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान युवक-युवतियों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक धुनों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया, जिससे शहर की सड़कों पर अद्भुत आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृश्य देखने को मिला। इस भव्य आयोजन के पीछे मारवाड़ की समृद्ध परंपरा और गुरु भक्ति की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सिरोही जिले के नया जोयला निवासी जैसाराम के पुत्र मंछाराम, भीमाराम,धनाराम, भरत और मुकेश सहित मंडोरा परिवार ने अपने पूज्य गुरु के सम्मान में यह भव्य आयोजन कर समाज के सामने श्रद्धा और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। परिवारजनों ने गुरु के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाते हुए पूरे श्रद्धा भाव से उन्हें भिवंडी आमंत्रित किया। गुरु के आगमन के उपलक्ष्य में गुरुवार रात भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक नरसाराम कुमावत सहित अन्य कलाकारों ने गुरु महिमा से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। मधुर भजनों की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण उस समय आया जब स्वयं संत गोविंद वल्लभ दास महाराज ने मंच से पुराने पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके मधुर और भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक भक्ति, संगीत और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### फूल-मालाओं से संत का भव्य अभिनंदनः

भिवंडी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने संत गोविंद वल्लभ दास महाराज का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। भक्तों ने उन्हें मालाओं से इस कदर लाद दिया कि पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और भक्ति से सराबोर हो उठा। अपने आशीर्वचन में महाराज ने कहा कि जिस घर और समाज में संस्कार होते हैं, वह हमेशा उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहता है। उन्होंने कहा कि जीवन में धन का महत्व जरूर है, लेकिन धन के साथ संस्कार और नैतिकता का होना भी उतना ही आवश्यक है। संस्कारों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा रह जाता है। उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि आज के समय में समाज की सबसे बड़ी ताकत आपसी एकता, भाईचारा और संस्कृति से जुड़ाव है। यदि समाज संगठित रहेगा तो किसी भी चुनौती का सामना मजबूती से किया जा सकता है। महाराज ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और पुरानी परंपराओं को अपनाने का भी आह्वान किया।

### निस्वार्थ सेवा की मिसाल बनी भिवंडी भजन मंडलीः

इस आयोजन में भिवंडी भजन मंडली ने भी अपनी भक्ति और सेवा भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया। मंडली के गायक कलाकार नरसाराम कुमावत, नारायण लाल कुमावत, कांतिलाल खंडेलवाल और राजू भाई कुमावत ने गुरु महिमा से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंडली की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह निस्वार्थ भाव से भजन-कीर्तन करती है और कार्यक्रमों से प्राप्त होने वाली संपूर्ण राशि गौसेवा के लिए गोदान में समर्पित कर देती है। भिवंडी भजन मंडली अब तक भजनों के माध्यम से हजारों रुपये की राशि गौसेवा में समर्पित कर समाज में सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी संदेश दे रही है। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाज के नागरिक और युवा उपस्थित रहे। भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का यह अद्भुत संगम भिवंडी शहर के लिए लंबे समय तक यादगार आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इस अवसर पर रघुनाथ राम कुमावत, भगाराम सोलंकी, कूपाराम कुमावत, कमलेश कुमावत, चुन्नीलाल कुमावत, मीठालाल कुमावत, कुयाराम कुमावत, बसंत कुमावत, श्रवण सोलंकी, पुखराज कुमावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया गैस एजेंसी का निरीक्षण

### गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** गैस सिलेंडरो की आपूर्ति में कमी की अफवाहों के बीच उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को इंडेन गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों के भंडारण, सुरक्षा मानकों, उपभोक्ताओं को समय पर गैस वितरण और रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय एजेंसी परिसर में सुरक्षा उपकरणों, अग्निशमन यंत्रों व स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर गैस उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ आवश्यक सुधारों के लिए एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया तथा निर्धारित समय सीमा में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएंगे ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपखण्ड प्रशासन ने गैस वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तुरंत उपखण्ड कार्यालय को सूचित करने की अपील भी की।

## टोल प्लाजा पर कार्यवाही की मांग, एसडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** टोल प्लाजा पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर कस्बेवासियों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बताया कि स्टेट हाईवे बिजौलियां से बून्दी रोड पर भोपतपुरा के पास स्थित टोल प्लाजा बिजौलियां कस्बे से करीब 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित हैं। नियमानुसार करीब 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित गावं के लोगों के वाहन को आधार कार्ड दिखा कर निकाला जाता है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि कि उक्त टोल नियमानुसार अवैध है। स्टेट हाईवे नियमानुसार दो टोल के बीच में 60 किमी की दूरी होती है। जबकि उक्त टोल से बूंदी टोल की दूरी 25 से 30 किमी ही हैं। टोल से दी जाने वाली रसीद पर प्राप्त क्यूआर कोड स्कैननही होता हैं। वहीं टोल पर कार्यरत कर्मचारी अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया। टोल प्लाजा की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने और टोल को निरस्त करवाने की मांग की गई।

## प्रधानमंत्री ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

### धौलपुर जिले के 1.42 लाख किसानों को मिला 28.59 करोड़ का लाभ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवाहटी असम में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के अंतर्गत उन्होंने किसानों के बैंक खातों में सीधा स्थानांतरित किया। इस राष्ट्रीय अभियान में धौलपुर जिले के 1,42,951 किसानों को भी 28 करोड़ 59 लाख 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर में आयोजित किया गया। यहां किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को वर्चुअली सुना और देखा। पीएम ने इस दौरान किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि देश का अन्नदाता ही राष्ट्र की रीढ़ है। हमारी सरकार किसानों की आर्थिक सशक्तता और समग्र उन्नति के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी उद्बोधन वर्चुअल रूप में प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को साल में तीन बार 2-2 हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल 6 हजार रुपये की वार्षिक सहायता दी जाती है। राशि प्राप्त करने वाले किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि यह योजना उनके लिए न सिर्फ आर्थिक सहायता है, बल्कि खेती के प्रति उनका मनोबल भी बढ़ाती है। मौसमी अनिश्चितताओं और लागत वृद्धि के बीच यह रकम उन्हें बीज, खाद, और सिंचाई जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

## जिला कलक्टर ने जालोर गैस सर्विस एजेन्सी का किया भौतिक निरीक्षण

### घरेलू गैस सिलेंडर का वाणिज्यक उपयोग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के मध्यनजर एलपीजी गैस की आपूर्ति के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को सायंकाल जालोर गैस सर्विस एजेन्सी जालोर का भौतिक निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्थाएँ जाँची तथा घरेलू गैस सिलेंडर का वाणिज्यिक उपयोग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में घरेले एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी रहेगी तथा आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिले की सभी गैस एजेन्सियों के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उनके द्वारा उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही हैं। वर्तमान में जिले में गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों, अन्नपूर्णा रसोईयाँ, छात्रावासों व स्कूलों में मिड-डे-मील योजना के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल ने जिले की गैस एजेन्सियों का निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया तथा गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि सभी गैस गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर 24 घण्टे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के उपरांत समय पर होम डिलीवरी उपलब्ध करवाई जाए।

## ट्रैक्टर निकालकर गेहूं की खड़ी फसल रौंदी

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा उपखंड के गांव बाजना में खेत में खड़ी गेहूं की फसल को ट्रैक्टर निकालकर नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने इस संबंध में थाना राजाखेड़ा में रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित नरसिंह पुत्र दिमान सिंह राजपूत ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी। 11 मार्च 2026 को गांव के भूरी सिंह पुत्र मूलचंद, तारा सिंह पुत्र मूलचंद, मदन गोपाल पुत्र राजेंद्र सिंह और माधौ सिंह उर्फ पप्पू पुत्र सोरन सिंह ने अपने खेत में आलू की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाते समय उसके गेहूं के खेत में से बार-बार ट्रैक्टर निकाल दिया। आरोप है कि इससे गेहूं की खड़ी फसल बुरी तरह नष्ट हो गई और किसान को भारी नुकसान हुआ।

## कूरना में अंडर-23 ग्रामीण टूर्नामेंट का आगाज, 32 टीमें मैदान में



### खेल से बनता है अनुशासन और आत्मविश्वासः मेवाड़ा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कूरना गांव के क्रिकेट मैदान में गुरुवार को प्रथम अंडर-23 ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय इस टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की 32 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुमेरपुर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरीशंकर मेवाड़ा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर किया। इस मौके पर रघुनाथ सिंह, जिला खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश बारोलिया, उपसरपंच हरिप्रसाद मीणा, अर्जुन गिरवर, रतन पुरी सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।
खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मेवाड़ा ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आज खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि करियर और पहचान बनाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उद्घाटन मैच में कूरना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गिरवर को 35 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कूरना ने 8 ओवर में 84 रन बनाए, जवाब में गिरवर 49 रन ही बना सकी। अन्य मुकाबलों में डिंगाई ने डेंडा को हराया, जबकि देवतरा ने गोगरा पर जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का फाइनल 15 मार्च को होगा। विजेता टीम को 11 हजार रुपये व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 5100 रुपये व ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन भानुप्रताप देवासी, नेमाराम मेघवाल, मुकेश देवासी, जीतू व हेमराज सहित ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### भामाशाहों की दरियादिली से संवर रही श्रीराम गौशालाः लंदन से थ्री-व्हीलर, आरओ वाटर कूलर की सौगात

# मंत्री जोराराम कुमावत ने 10 लाख के टिनशेड व ऑटोमेटिक मशीन की घोषणा कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाई

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर के कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला में शुक्रवार को आयोजित भामाशाह सम्मान व होली मिलन समारोह सेवा, समर्पण और गौभक्ति का प्रेरक संगम बन गया। सुमेरपुर विधायक व राज्य के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भामाशाहों की उदारता और समाज की एकजुटता ने गौसेवा के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। समारोह में बड़ी संख्या में गौभक्त, समाजसेवी और नागरिक उपस्थित रहे और पूरे परिसर में सेवा व सम्मान का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से जुड़े दानदाताओं ने गौसेवा के लिए खुलकर सहयोग दिया। लंदन निवासी भामाशाह केसी जैन ने गौशाला के उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर भेंट किया, जिससे गौशाला में चारा, पानी और अन्य व्यवस्थाओं के कार्यों को सुगमता मिलेगी। वहीं ओएस मोटर्स के नरेश गहलोत ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए आरओ सिस्टम सहित वाटर कूलर प्रदान किया। इससे गौसेवकों, आगंतुकों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

**महिला मंडलों की सराहनीय पहलः**
समारोह में समाज की महिलाओं ने भी सेवा और संवेदना की मिसाल पेश की। जगनाथ महिला मंडल, शिव महिला मंडल और नामदेव समाज की ओर से गौशाला परिसर में विशाल पक्षी घर (बर्ड हाउस) बनाने की घोषणा की गई। इस पहल का उद्देश्य गौशाला परिसर में आने वाले पक्षियों के संरक्षण और उनके लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था करना है। इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया।

**गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की मांग : मंत्री कुमावतः**
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति और आस्था का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही गौशालाओं का विकास संभव है और भामाशाहों की सेवा भावना से कई सामाजिक संस्थाएं मजबूती प्राप्त करती हैं। उन्होंने कहा कि केवल दान के भरोसे गौशालाओं को चलाना लंबे समय तक संभव नहीं है, इसलिए अब समय आ गया है कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार भी इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है और जहां भी आवश्यकता होगी, वहां हरसंभव सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री कुमावत ने गौशाला के विकास के लिए लगभग 10 लाख रुपये की लागत से टिनशेड निर्माण की घोषणा की, जिससे गौवंश के लिए बेहतर छाया और संरक्षण की व्यवस्था हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला में गौकास्ट (गोबर से बनने वाले उत्पाद) तैयार करने के लिए ऑटोमेटिक मशीन उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। इस मशीन के माध्यम से गौशाला में गोबर से विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा सकेंगे और इससे गौशाला की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

**अध्यक्ष धीरज सांखला के नेतृत्व में विकास को नई दिशाः**
कार्यक्रम में किसान नेता जयेंद्र सिंह गलथनी ने कहा कि गौशाला के अध्यक्ष धीरज सांखला के नेतृत्व में गौशाला के विकास कार्यों को नई गति मिली है। उनकी टीम की ओर से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ गौसेवा के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि भामाशाह भी आगे बढ़कर गौशाला के लिए सहयोग कर रहे हैं और समाज में गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

**गोबर से बनेंगे प्राकृतिक उत्पाद, बढ़ेगी गौशाला की आयः**
गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है और इसके लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी तैयार करवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला में गोबर से प्राकृतिक खाद, अगरबत्ती, गौकास्ट, कंडे, दीपक सहित अन्य धार्मिक और उपयोगी उत्पाद बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों के निर्माण से एक ओर गौशाला की आय में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर सुमेरपुर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध और प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। इससे गौसेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

**भामाशाहों का सम्मान, सेवा भावना का संदेशः**
कार्यक्रम के दौरान गौसेवा में सहयोग देने वाले भामाशाहों और अतिथियों का सम्मान किया गया। पूरे समारोह में सेवा, समर्पण और सामाजिक सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में गौशाला के उपाध्यक्ष चत्रभुज शर्मा ने सभी अतिथियों, भामाशाहों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया और गौसेवा में निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर केसी जैन, नरेश गहलोत, मंजू कुमावत (शिव महिला मंडल), गीता रामीना (जगनाथ महिला मंडल), गौशाला सचिव भंवरलाल परमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पुरोहित, उपाध्यक्ष शिवलाल माली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, लालचंद चंदेल, अमर सिंह देवड़ा, शिवेंद्रजीत सिंह देवड़ा, नरेंद्र आस्था, चम्पालाल चादौरा, खिमाराम कुमावत, हनवंतसिंह देवड़ा, डॉ. दिलीप अरोड़ा सहित सैकड़ों गौभक्त और नागरिक उपस्थित रहे। गौसेवा, सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक एकता का संदेश देता यह आयोजन सुमेरपुर क्षेत्र में सेवा और समर्पण की एक प्रेरणादायी मिसाल बन गया।

## गैस सिलेंडर किल्लत को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आमजन से मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एजेंसी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मौके पर मौजूद लोगों की समस्याएं सुनी। उपखंड अधिकारी मीणा ने बताया कि कुछ लोगों की ओर से सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए एजेंसी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एजेंसी संचालकों से बातचीत कर गैस वितरण की व्यवस्था की जानकारी ली। उपखंड अधिकारी ने बताया कि एजेंसी की ओर से कहा गया कि है कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हो चुकी है, उन्हें नियमानुसार सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आमजन को गैस बुकिंग की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि गैस बुकिंग के लिए वैकल्पिक तरीके भी उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर उपभोक्ता सिलेंडर बुक कर सकते हैं। इस मौके पर उपखंड अधिकारी ने मौके पर मौजूद कुछ उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग भी करवाई। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी पर सिलेंडर की निर्धारित कीमत से अधिक राशि नहीं ली जा रही है और उपभोक्ताओं से तय दर के अनुसार ही भुगतान लिया जा रहा है। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## तोदी कॉलेज में रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय रोड साइक्लिंग (पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में चार टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में भरत राज महाविद्यालय, पलसाना के छात्र नीरज सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं मेजबान महाविद्यालय के छात्र शंकरलाल भाम्बू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक और शिवलाल भाम्बू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य डॉ. नाथावत, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, चेयरमैन नामिनी तथा विश्वविद्यालय के खेल निदेशक कन्हैयालाल जांगिड़ ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र सिंह व पंकज शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## सुजानगढ़ में लगी ओशो साहित्य प्रदर्शनी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी चौक में ओशो साहित्य की एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। ओशो सन्यासी स्वामी योग आलोक और स्वामी अन्तरक्रांति के सान्निध्य में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य ओशो का साहित्य सरलता और सुगमता के साथ जन -जन तक पहुंचाना रहा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य शीतल मिश्रा, व्यवसायी दिलीप कटारिया, कैमिस्ट पवन छाबड़ा, युवा उद्यमी आदित्य कनोई, संगीत साधना संस्थान के अध्यक्ष शंकर माहेश्वरी, कवि अरविंद विश्वेद्रा, अर्जुन सियोता, भंवरलाल बिजारणियां, संयुक्त कर्मचारी महासंघ के राजेश गौड़ आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## 10 के सिक्के स्वीकार करने की पाबंदी लगाने की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त बोरड़ ने रिजर्व बैंक जयपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन नंबियार को पत्र लिखकर सुजानगढ़ शहर में दस रुपए के सिक्के का प्रचलन नहीं होने के संबंध में शिकायत की है। बोरड़ ने लिखा कि भारत सरकार की ओर से जारी सभी तरह की मुद्राएं बाजार में मान्य हैं। लेकिन सुजानगढ़ शहर में पिछले लम्बे समय से दस के सिक्के का प्रचलन नहीं के बराबर है। इसका कारण यह है कि यहां के दुकानदार दस का सिक्का लेने से मना करते हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि आम आदमी भी इस सिक्के को लेने से डरता है। इस तरह भारतीय मुद्रा की इस ईकाई का सुजानगढ़ में प्रचलन ना के बराबर हो गया है। बोरड़ ने लिखा कि सुजानगढ़ में दस के सिक्के को लेकर इसकी वैधता के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। साथ ही प्रशासन के माध्यम से सभी व्यापार मंडलों, टेम्पो यूनियन समेत आमजन को दस का सिक्का स्वीकार करने के लिए पाबंद किया जाए, ताकि भारत सरकार की ओर से जारी मुद्रा की गरिमा को ठेस पहुंचना बंद हो सके।

### गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

# जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी की सख्ती : कालाबाजारी व अवैध भंडारण पर कार्रवाई

## 24 घंटे का कंट्रोल रूम शुरू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जयपुर जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में प्रशासन ने गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की कमी नहीं होने दी जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अवैध भंडारण, दुरुपयोग और कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### गैस एजेंसियों का निरीक्षण, पर्याप्त स्टॉक मिलाः

जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम की ओर से गठित विशेष प्रवर्तन दल ने श्रावणी गैस एजेंसी, मुरलीपुरा तथा मणी एंटरप्राइजेस, रामगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई। एजेंसी संचालकों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और एजेंसी परिसर में अनावश्यक भीड़ व लंबी कतारें नहीं लगने देने के निर्देश दिए गए।



## डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी

कलेक्टर डॉ. सोनी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में एलपीजी बिक्री अधिकारियों (बीपीसीएल, आईओसीएल और एचपीसीएल) के साथ गैस आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ओटीपी आधारित डिजिटल बुकिंग और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए तथा केवल वैध पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे एजेंसी परिसर में उपलब्ध स्टॉक, बैकलॉग, बुकिंग की स्थिति तथा आपूर्ति तिथि की स्पष्ट जानकारी प्रदर्शित करें। उपभोक्ताओं को भी बल्क एसएमएस के माध्यम से यह जानकारी दी जाएगी कि पिछली आपूर्ति के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग स्वीकार की जाएगी, जिससे अनावश्यक बुकिंग और गैस के भंडारण की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देगा। गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सुचारू और उपभोक्ता हितैषी बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान से आमजन को राहत मिलने के साथ ही गैस आपूर्ति व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नोडल अधिकारी नियुक्त, सतर्कता तंत्र मजबूत

इस कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) युगांतर शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण तथा जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय संघमित्रा बरडिया को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन ने गैस आपूर्ति व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला सतर्कता यूनिट तथा विशेष प्रवर्तन दल का भी गठन किया है।

## 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित

आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए दूरभाष नंबर 0141-2209016 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य स्तर की हेल्पलाइन 181, 112 तथा उपभोक्ता मामलात विभाग की हेल्पलाइन 14435 पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

## गणेश नारायणदास देवी और श्रीनिवासन जैन को मिलेगा उपाध्याय सम्मान-2026



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शिक्षाविद् स्वर्गीय चम्पालाल उपाध्याय एडवोकेट की स्मृति में स्थापित उपाध्याय सम्मान वर्ष 2026 के लिए साहित्यिक आलोचक गणेश नारायणदास देवी और वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवासन जैन को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। कार्यक्रम में हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सम्मान के तहत प्रत्येक सम्मानित व्यक्तित्व को एक लाख रुपए की राशि और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि रतनगढ़ स्थित श्री गांधी बाल निकेतन के संस्थापक सचिव चम्पालाल उपाध्याय की ओर से जीवनभर किए गए सेवाकार्यों से प्रेरणा लेकर वर्ष 2024 में इस सम्मान की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य उनकी ओर से स्थापित मूल्यों के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करना है। समारोह में उपाध्याय के सार्वजनिक कार्यों में सहयोग देने वाले पूर्व आईएएस अजय दूबे, आनन्द प्रसाद, अशोक कुमार पाण्डेय, वी.एस. सिंह, अशोक सिंघवी और अतुल कुमार गर्ग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें भी उपाध्याय सम्मान-2026 प्रेषित किया जाएगा। गणेश नारायणदास देवी देश के प्रसिद्ध साहित्यकार, भाषाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने भारत की आदिवासी और लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण के लिए भाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर की स्थापना की। साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री (2014), लिंगपुक्स (2011), प्रिंस क्लॉज (2003), सार्क साहित्य पुरस्कार (2001) और साहित्य अकादमी पुरस्कार (1993) सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवासन जैन तथ्य आधारित पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। लंबे समय तक एनडीटीवी में वरिष्ठ पत्रकार और एंकर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने रियलिटी चेक और ट्रुथ वर्सेज हाइप जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों का संचालन किया। उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए उन्हें मोस्ट ट्रस्टेड एंकर (2022), रेडइंक अवार्ड (2015), रामनाथ गोयनका एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म (2014) में जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर और इंडियन टेलीविजन एकेडमी की ओर से बेस्ट एंकर (2006) सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वरिष्ठ कवि सम्पत सरल, प्रबुद्ध विचारक नारायण बारेठ, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह शेखावत और बाल निकेतन के पूर्व विद्यार्थी आईएएस अमित ढाका को उपाध्याय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

## प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. दुर्गादत्त गौड़ का नागरिक अभिनंदन, वर्षों बाद जन्मभूमि रतनगढ़ पहुंचे



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** विश्वस्तरीय ख्याति प्राप्त यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. दुर्गादत्त गौड़ के वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि रतनगढ़ पहुंचने पर पंडितपुर स्थित रामेश्वरम शिवालय में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौड़ को अभिनंदन पत्र, साफा, शॉल, प्रतीक चिह्न और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

बॉम्बे हॉस्पिटल, मुंबई में कार्यरत 90 वर्षीय डॉ. गौड़ को चिकित्सा और सर्जरी के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण शोध और तकनीकी विकास के लिए वैश्विक स्तर पर अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनकी चिकित्सा संबंधी पुस्तकें और शोध आलेख देश-विदेश में प्रकाशित होकर शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शक बन रहे हैं। रतनगढ़ जैसे कस्बे में जन्म लेकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने पर नगरवासियों ने गर्व व्यक्त किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी यशोधरा गौड़ भी उपस्थित रहीं, जो राजस्थान के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष नरोत्तम जोशी की पुत्री हैं। डॉ. गौड़ ने अपने संबोधन में बचपन, विद्यार्थी जीवन और युवावस्था की स्मृतियों को साझा करते हुए उसे जीवन का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता शास्त्री मालीराम, माता केसरी देवी तथा बचपन में बुआ और दादी की ओर से सुनाई गई राजस्थानी लोककथाओं को दिया। उन्होंने 'राजा कागदास' और 'कमेड़ी' की कहानी सुनाते हुए पारिवारिक संस्कारों के महत्व को भी बताया। कार्यक्रम में उनकी पुत्री स्मिता गौड़ और भतीजे शिवकुमार गौड़ ने भी डॉ. गौड़ के जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। रमेशचंद्र इंदौरिया ने कहा कि डॉ. गौड़ की उपलब्धियों ने रतनगढ़ को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद, सिद्धपीठ तालवाले बालाजी श्यामजी मंदिर समिति, भारत विकास परिषद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, छः न्याति ब्राह्मण महासभा, देवकिशन स्मृति सेवा समिति, लोकसेवा संस्थान सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से उनका सम्मान किया गया। सर्व समाज की ओर से दिए गए अभिनंदन पत्र का वाचन अरविंद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप व्यास ने किया तथा अनिल लाटा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में नगर के सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान के तहत कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अजीत माढ़ण, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, जिला संयोजक अभिषेक चोटिया, सहसंयोजक नरेन्द्र काछवाल, दीनदयाल सैनी, भारती मुद्गल मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुंभारम्भ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यकर्ताओं ने शिविर में संगठन गीत को गाकर संगठन के प्रति कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अजीत माढ़ण ने कहा कि भाजपा निरन्तर चलने वाला राजनैतिक संगठन है। भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग और परिश्रम का फल है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा के पास सशक्त नेतृत्व और राष्ट्र की भावना से काम करने वाले करोड़ों कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि यह संगठन की विशेषता है, कि नए कार्यकर्ताओं को संगठन की जानकारी देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते है। उन्होंने बताया कि मण्डल स्तर पर इस प्रकार के शिविर आगामी दिनों में आयोजित किए जाएंगे। इन आवासीय शिविर में वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सोशल मीडिया, एआई, नमो एप और सरल ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण पार्टी कार्यकर्ताओं में तकनीकी ज्ञान, वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी के इतिहास, विकास यात्रा, पार्टी के कार्यक्रमों का विस्तार, कार्य पद्धति, केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताना, बूथ प्रबंधन, मन की बात, टिफिन बैठक, बूथ-स्तरीय कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण क्रियाकलापों के साथ आयोजित हांगे। उन्होंने कहा कि यह शिविर 24 घंटे तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार की ओर से देश-प्रदेश के लोगों के लिए कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिषेक चोटिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम सहसंयोजक नरेन्द्र काछवाल ने किया। जिला मंत्री दीनदयाल सैनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लोकगीत और लोक नृत्य नारी अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यमः डॉ शर्मा



### गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री व युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम निशा अजमेरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का शुंभारम्भ महिलाओं ने गणगौर और ईसर की पूजा अर्चना कर किया। डॉ निर्मला सैनी, सरिता शर्मा व विजयलक्ष्मी शर्मा ने अपने सुरीले अंदाज में गणगौर के गीत म्हे ईसर थारी साली हाँ, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किंवाड़ी खोल, ए मोती समदरीय मे निपजे, खिम्पोली म्हारी खिम्पा छाई से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सरोज हारित ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम प्रभारी दीपा गौतम ने प्रतियोगिता संबंधी नियमों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ तमन्ना शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी गौरवशाली लोक संस्कृति को संरक्षित करने में सहायक है व लोकगीत व लोक नृत्य नारी अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में लोक नृत्य व बणी ठणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य में सपना मीणा प्रथम रुचिका पीपलवा दूसरे व मोना शर्मा तीसरे स्थान पर रही। बणी ठणी प्रतियोगिता में राखी व्यास को बणी ठणी सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नीलम वर्मा, उमा वशिष्ट व अंकिता कोकचा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्ष निशा अजमेरा ने कहा ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को अभिव्यक्त होने का अवसर मिलता है उत्साह के साथ सभी को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। संस्थान की रूपा मजूमदार ऊषा सोनी मुन्नी डागा और पूजा सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। नगर श्री के सचिव श्यामसुंदर शर्मा व युक्ति संस्थान की सचिव राजकौर राहड़ ने सभी विजेताओं व अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। मुख्य अतिथि डॉ तमन्ना शर्मा ने सभी विजेताओं को 1100-1100 रूपयें का नगद पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. ट्विंकल शर्मा, उर्मिला चाहर, अंजू नेहरा, शोभा सोनी, निहारिका शर्मा, अर्चना ओझा, मोनिका तिवाड़ी, किरण कोठारी, अनीता सोनी, निशा जांगिड़, मंजू कंवर, अनीता सोनी, संतोष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। युक्ति संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा प्रजापत ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# एलपीजी गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता व निर्बाध आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन सख्त

### संभागीय आयुक्त पूनम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### अवैध भंडारण, दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर सख्ती से अंकुश लगाने के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागीय आयुक्त ने ऑयल कंपनी व रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही घर-घर डिलीवरी के माध्यम से की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गोदामों से सीधे एलपीजी गैस का वितरण नहीं किया जाए। अवैध रिफिलिंग जैसी गतिविधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति और वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ओटीपी आधारित डिजिटल बुकिंग व डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से ही की जाए तथा केवल वैध पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस उपलब्ध कराई जाए। बैठक में ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों को जिला सतर्कता यूनिट के साथ समन्वय बनाए रखने तथा सभी गैस एजेंसियों पर बुकिंग, उपलब्ध स्टॉक, बैकलॉग और आपूर्ति तिथि संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के लिए एजेंसियों को सख्त हिदायत दी गई। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने आमजन से अपील की कि आवश्यक होने पर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक से बचें। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और अवैध भंडारण, दुरुपयोग तथा कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिला सतर्कता यूनिट और विशेष प्रवर्तन दल का गठन किया गया है। यह दल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में कमी, अवैध संग्रहण और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर नजर रखेगा। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की सेल्स अधिकारी अंशु झाझड़िया, जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिकाओं को महिला सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत तारानगर स्थित वैदिक कन्या छात्रावास में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा सखी बसु कंवर ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं को महिला सुरक्षा, महिला संबंधी कानूनों और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बसु कंवर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और बालिकाओं का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में डरने या चुप रहने के बजाय तुरंत पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करना चाहिए, ताकि समय रहते सहायता मिल सके। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में होने वाली गलत गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सुरक्षा के विभिन्न उपायों और कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार और पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं और व्यवस्थाएं चला रहा है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने महिला सुरक्षा से जुड़े कई प्रश्न भी पूछे, जिनका बसु कंवर ने सरल और प्रभावी तरीके से समाधान किया। अंत में सभी छात्राओं को सतर्क, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया।

## खेल स्टेडियम बनवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने युवा मामलात एवं खेल विभाग के सचिव डॉ. नीरज के पवन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सुजानगढ़ में जल्द से जल्द खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि अच्छा खेल स्टेडियम नहीं होने से सुजानगढ़ व इसके आस-पास के क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और खेल प्रतिभाओं का समुचित विकास खेल के दृष्टिकोण से नहीं हो पा रहा है।

## 29 बालिकाओं को प्रदान की साइकिलें



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव चरला के राजकीय उच्च माध्यमिक प्राचार्य राधेश्याम मीना, डॉ. कृष्ण कुमार जांगिड़ व मुख्य अतिथि पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि मनसुख जी गोदारा ने राज्य सरकार की ओर से आई साइकिलों का छात्राओं को वितरण किया। कक्षा 9 की कुल 29 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भोमियाजी मंदिर में तीन युवकों ने की चोरी, सीसीटीवी में कैद



जयपुर टाइम्स

मेगाहाईवे स्थित भोमियाजी मंदिर में दिन दहाड़े चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। मंदिर में सेवा पूजा करने वाले मदनलाल प्रजापत निवासी वार्ड न. 15 ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि 10 मार्च की शाम को जब मैं मंदिर में पूजा अर्चना कर रहा था, तब मैंने देखा कि मंदिर की मूर्ति की छतर गायब था। इसी प्रकार छोटा दान पात्र, शिवजी के चांदी के चांद भी नहीं मिले, जिस पर मैंने अन्य श्रद्धालुओं को सूचना दी। वहीं सीसीटीवी देखने पर पता चला कि तीन युवक बाईक पर आए और यह सामान चोरी करके ले गए। पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। वहीं सीसीटीवी में युवक नकाब लगाए हुए भी नजर आया है।

## बडबर में जिला कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### अधिकारियों को संवेदनशील होकर काम करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने गुरुवार को बुहाना उपखंड की बडबर ग्राम पंचायत के राजकीय विद्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से उठाई गई समस्याएं उचित हैं और उनका शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए गांव में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए ट्यूबवेल में आठ दिन के भीतर बड़ी मोटर लगाई जाएगी। साथ ही 1 अप्रैल से टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा गांव के अन्य कुओं में भी मोटर लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राउंड लेवल पर कार्य करने वाले कार्मिक आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और अपने स्तर पर समाधान का प्रयास करें। यदि किसी कारण से समस्या का समाधान संभव नहीं हो तो ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब दिया जाए।

उन्होंने गांव के खेल मैदान से जल्द तार हटाने तथा स्कूल का नाम संस्कृत बालिका विद्यालय के नाम से करने के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, बुहाना एसडीएम पूनम मीणा, वृत्ताधिकारी पुलिस नोपाराम, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश मील, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ विजयपाल कस्वा, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ जितेंद्र स्वामी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लाम्बा सहित विभिन्न विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संभागीय आयुक्त पूनम ने 'आशा के झरने' का किया निरीक्षण

### दिव्यांग बच्चों की सुविधाओं का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(कास)।** जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम ने शुक्रवार को झुंझुनूं में विशेष योग्यजन बच्चों के लिए संचालित 'आशा के झरने' का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूक-बधिर, दिव्यांग तथा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं और उनके शैक्षणिक स्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। संभागीय आयुक्त ने केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध खेल-कूद, शिक्षा व भविष्य में रोजगार से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने बच्चों को दी जा रही फिजियोथेरेपी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को केंद्र तक लाने और वापस घर पहुंचाने के लिए उपलब्ध परिवहन व्यवस्था की जानकारी भी अधिकारियों से प्राप्त की। संभागीय आयुक्त पूनम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सा सहायता और नियमित स्वास्थ्य जांच की अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। साथ ही बड़े बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि यहां के बच्चों के हेल्थ चेकअप में और अधिक सुधार करने की आवश्यकता है इसके लिए बीडीके अस्पताल से ट्राई अप करके शिविर के माध्यम से इनका हेल्थ चेकअप किया जाएगा। इस अवसर पर झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया, सीओ सिटी गोपाल ढाका, थाना प्रभारी श्रवण कुमार मील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## *तीन घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित*

***सुजानगढ़ (नि.सं.)।*** *रख रखाव के कार्य के चलते 14 मार्च को शहर के अनेक क्षेत्रों में तीन घंटे तके विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। शहरी कनिष्ठ अभियंता अरूण मीणा ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक मलसीसर रास्ता, कृषि मंडी, प्रगति नगर, स्टेशन रोड़, सरकारी अस्पताल, सांड चौक, नया बाजार, दुलिया बास, कसाई चौक आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।*

## *अल्लाह की बारगाह में उठे हजारों हाथ, रमजान के चौथे जुमे पर मस्जिदों में भीड़*

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख मस्जिदों में रमजान का चौथा जुमा अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया। इस अवसर पर हजारों नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। रमजान-उल-मुबारक के चौथे जुमे के मौके पर शुक्रवार सुबह से ही रोजेदारों में खासा उत्साह देखा गया। रोजेदारों ने सुबह सहरी कर रोजा रखा और निर्धारित समय पर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मस्जिदों का रुख किया।

नमाज से पहले मस्जिदों में तकरीरें की गईं, जिनमें रमजान की फजीलत और इसकी अहमियत पर प्रकाश डाला गया। कस्बे की विभिन्न मस्जिदों में इमामो ने अपने बयान में कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने माहे रमजान में मुकद्दस कुरान शरीफ नाजिल कर इंसानों को जिंदगी जीने का सही तरीका बताया। उन्होंने बताया कि इस समय रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है, जो मगफिरत (क्षमा) का अशरा है। इस दौरान मुसलमानों को चाहिए कि वे ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह को राजी करें और अपनी मगफिरत की दुआ करें। उन्होंने यह भी कहा कि रमजान के महीने में नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा कि रमजान खत्म होने से पहले 'सदका-ए-फितर' देना मुसलमानों के लिए जरूरी है। यह फितरा और दान गरीब लोगों को दिया जाता है ताकि उनकी मदद की जा सके और वे ईद की तैयारियां कर सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जुमा सिर्फ इस महीने का आखिरी शुक्रवार नहीं है, बल्कि आत्म-मंथन, इबादत और इंसानियत के प्रति अपने कर्तव्य को याद करने का दिन है। बयानों के बाद मौलानाओं ने खुत्बा पढ़ा और जुम्मे की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सभी नमाजियों ने एक साथ हाथ उठाकर देश में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। कस्बे की मस्जिदों के साथ-साथ आसपास के गांवों की मस्जिदों में भी हजारों नमाजियों ने रमजान के रोजे के साथ जुमे की नमाज अदा की और कौम की सलामती तथा मुल्क में अमन-चैन कायम रहने की दुआ की।

## घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर अफवाहों के बीच कलेक्टर का औचक निरीक्षण

### कालाबाजारी पर सख्ती के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** घरेलू एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर चल रही विभिन्न प्रकार की अफवाहों के बीच जिला प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बुहाना स्थित इंडियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया और गैस आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एजेंसी संचालक से ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था, गैस सिलेंडरों के वितरण और उपलब्ध स्टॉक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एजेंसी में रखे स्टॉक का अवलोकन करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं। डॉ. गर्ग ने एजेंसी संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी या अवैध वितरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस आमजन की आवश्यक सेवा से जुड़ी हुई है, इसलिए इसकी आपूर्ति में पारदर्शिता और नियमितता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या अनियमितता सामने आती है तो इसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान बुहाना उपखंड अधिकारी पूनम मीणा तथा वृत्ताधिकारी पुलिस नोपाराम भी मौजूद रहे।

## ड्रेनेज कार्य की गति बढ़ाने की मांग

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर भाजपा नेता जयश्री दाधीच ने ड्रेनेज कार्य की कड़ी मोनिटरिंग करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्षा ऋतु से पहले ही चापटिया तलाई, गैनाणी तलाई आदि जगहों पर चल रहे ड्रेनेज कार्य का पूरा होना आवश्यक है, जबकि वर्तमान में कार्य धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में आगामी बारिश में लोगों को फिर से परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए ड्रेनेज के अधिकारियों व संवेदक को पाबंद कर कार्य की गति बढ़ाई जावे, ताकि लोगों को फिर से दिक्कत नहीं झेलनी पड़े।

## रतनगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**रतनगढ़(निस)।** वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को न्यायालय परिसर रतनगढ़ में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत के लिए एक बेंच का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ होंगे। बेंच के सदस्य अधिवक्ता गौतम कुमार नाथोलिया और सामाजिक कार्यकर्ता संतोष बाबू इंदौरिया रहेंगे। इसके अतिरिक्त राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के लिए उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में मामलों की सुनवाई की जाएगी। लोक अदालत में बैंक ऋण प्रकरण, विद्युत बिल संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक विवाद, राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, श्रम विवाद, राजस्व प्रकरण सहित अन्य प्री-लिटिगेशन व लंबित मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने मामलों का त्वरित एवं सुलह के माध्यम से निस्तारण करवाएं।


### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम भगवती शर्मा (BHAGAWATI SHARMA) से बदल कर भगवती शर्मा (BHAGWATI SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम भगवती शर्मा (BHAGWATI SHARMA) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**भगवती शर्मा पत्नी मुकेश कुमार शर्मा, निवासी भांगीवाद, तहसील सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

राजस्थान–सरकार

**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राज0)**

राजकीय डेहराज भरतिया अस्पताल के पास, चूरू :– 331001

दूरभाष :– 01562–250318 ई–मेल :– npchuru@gmail.com

क्रमांक :– न.प.चूरू/एस.बी.एम. शाखा/2025–26/20932536 दिनांक :– 09.03.2026

**निविदा सूचना 109 वर्ष 2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 01 कार्य की निविदा आईडी नम्बर **DLB2526B2722** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

**UBN Code :- DLB2526550B37802**

राज.संवाद/सी/25/22304 आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

**OFFICE OF THE PRINCIPAL & CONTROLLER**
**RUHS COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES,**
Sector - 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033
Ph.: 0141-2795634, 634 Email : principalruhscms@ruhsraj.org

No. :- RUHS-CMS/Store/2025-26/13194 Date :- 09/03/2026

**Notice Inviting E-Bids**

Single Stage Two envelope online bids are invited on **eproc.rajasthan.gov.in** up to 02.00 pm of 02/04/2026 for Establishment of Smart Classrooms-Lecture Theatres (LT-1,2,3,4,5) at RUHS College of Medical Sciences . (Total Est. Cost Rs. 30,00,000.00) Details may be seen in the Bidding Documents at the Website **sppp.raj.nic.in** or **eproc.rajasthan.gov.in** or **www.ruhscms.org.**

**UBN :- CMS2526WSOB00139**

**Principal,**
Raj.Samwad/C/25/22350 **RUHS College of Medical Sciences, Jaipur**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail- eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 3360-3374 Date:11.03.2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 59/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR HDPE PIPES in div store Churu and Nit no 60/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES in div store Churu are invited form interested bidders upto 18-03-2026 (03:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http:// sppp. rajasthan. gov.in, http:// Eproc. rajasthan. gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 59/2025-26 Rs. 01.50 Lacs. And Nit No. 60/2025-26 Rs 01.50 Lac.

UBN No. PHE 2526 GSRC 15421 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE 2526 GSRC 15422 RS 01.50 Lac

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

# स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थान सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** चिकित्सा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं व विभागीय गतिविधियों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नियमित टीकाकरण, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना सहित अन्य विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच, उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा कर योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वर्षभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों को प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मीणा ने कहा कि सभी चिकित्सकीय कार्मिक अपने कार्यस्थल पर शत-प्रतिशत योगदान दें और सहकर्मियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करें, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर परिणाम सामने आ सकें।



उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को सभी आवश्यक एएनसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। समय पर जांच और टीकाकरण से ही गर्भवती महिला के स्वास्थ्य और शिशु के समुचित विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है।

### सुमन कार्यक्रम और हैड काउंट सर्वे को लेकर आमुखीकरण

बैठक में गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुमन सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों का आमुखीकरण किया गया। डॉ. मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी तथा माताओं और शिशुओं का जीवन बचाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि एएनएम अपने उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवों, ढाणियों व शहरी क्षेत्रों की सूची तैयार कर गर्भवती महिलाओं और शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों का हैड काउंट सर्वे करेंगी तथा उनके टीकाकरण की स्थिति अपडेट करेंगी। हैड काउंट सर्वे की जिम्मेदारी आशा व एएनएम को दी गई है, जबकि जिन क्षेत्रों में आशा नहीं है वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम यह कार्य करेंगे। शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड और कच्ची बस्तियों का चिन्हीकरण कर संबंधित शहरी पीएचसी प्रभारियों को हैड काउंट सर्वे कराने की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय धौलपुर डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ सहित समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराने की जरूरत नहीं : डॉ निकिता राठौड़

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आमजन को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने बताया कि झुंझुनूं जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर रिफिल करवाकर घरों में जमा न करें तथा गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। गैस एजेंसियों की ओर से उपभोक्ताओं को सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष सतर्कता दल का गठन किया गया है। साथ ही सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित समय के भीतर सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की ओर से गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और प्रतिदिन दो गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की ओर से हाल ही में आयोजित बैठक में सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला रसद अधिकारी ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी होती है या कोई एजेंसी कालाबाजारी अथवा ओवररेटिंग करती है, तो उपभोक्ता मामले विभाग की हेल्पलाइन नंबर 14435, 181 और 112 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान

## बूथ स्तर तक होंगे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण लेना जरूरी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत जिले में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविरों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। शुक्रवार को जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण शिविर प्रत्येक मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे तथा कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाया जाएगा। इन शिविरों में जिला पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी भी भाग लेंगे तथा प्रदेश स्तर से कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जाएगी। कार्यक्रमों के लिए मुख्य वक्ता, संयोजक और सहसंयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं और सभी कार्यक्रम प्रदेश द्वारा तय समयानुसार आयोजित होंगे। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के संयोजक अनिल गोयल, सह संयोजक डॉ. मनोज शर्मा, जिला मंत्री विजय त्यागी व कल्पना शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन व मुकेश हनुमानपुरा, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, युवा नेता जयवीर पोसवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य वाचा राम बघेल, पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा, आईटी प्रभारी हरेंद्र राव, सोशल मीडिया प्रभारी रितिक वर्मा, लोकेंद्र चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, पूर्व मंत्री विनय परमार, जितेंद्र तिवारी, शिव शंकर परिहार, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बृजराज सिंह परमार, राजा भैया सिकरवार, प्रदीप सिसोदिया, पंकज शर्मा, अनमोल बंसल, बीके कुशवाहा, शशिकांत शर्मा, राजकुमार गुर्जर, फैजल खान, रामू सिकरवार, चतुर सिंह जाटव और रितेश सक्सेना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करौली में कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन: किल्लत के खिलाफ नारेबाजी

जयपुर टाईम्स

**जयपुर (निस)**करौली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से गैस की कीमतें कम करने और आपूर्ति बढ़ाने की मांग की। धरने का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष और टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने किया। इस दौरान पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस नेता हुकुम बाई मीणा, हिंडौन विधायक अनीता जाटव और कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। नेताओं ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार राहत देने के बजाय कीमतें बढ़ा रही है। नेताओं ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण कमर्शियल सिलेंडर की बिक्री पर रोक लगाने के फैसले का भी विरोध किया।

## छोटे व्यापार हुए ठप्प, सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी: कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद

जयपुर टाईम्स

**जयपुर (निस)**भरतपुर में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद छोटे व्यापार बंद होने के कगार पर हैं। कई ऐसे व्यापारी हैं जिन्होंने अपनी दुकानें बंद कर दी हैं। कुछ लोग लकड़ी और कोयले की भट्टियों से अपना काम चला रहे हैं। लकड़ी कर कोयले की भट्टीयों के उपयोग के कारण खाने के सामान पर दाम भी बढ़े हैं। दूसरी तरफ घरेलू सिलेंडरों के लिए एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी हुई है। लोग घरेलू सिलेंडरों का स्टॉक करने में लगे हुए हैं। जबकि रसद विभाग के ष्ठस्ह लगातार कह रहे हैं कि घरेलू सिलेंडरों की समस्या नहीं है।

## गढ़ला कलां में कम्पोनेंट-ष्ट के अंतर्गत 4.8 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले के ग्राम गढ़ला कलां में शुक्रवार को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ष्ट के अंतर्गत 4.8 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ किया गया है। इस सौर संयंत्र के चालू होने से क्षेत्र के किसानों को दिन के समय कृषि कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे किसानों को रात्रि में सिंचाई करने की समस्या से राहत मिलेगी तथा कृषि कार्य अधिक सुगमता से हो सकेंगे। अविविनिलि के अधीक्षण अभियंता महेश कुमार टीबडा ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। जिले में अभी तक कुसुम-ए योजना के तहत 34 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता 37.5 मेगावाट है। इसी प्रकार कुसुम-ष्ट योजना के तहत अब तक 11 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता 30.67 मेगावाट है. जिससे लगभग 6300 कृषि उपभोक्ता लाभान्वित है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में अब तक 7309 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 27.1 मेगावाट है। उन्होंने बताया कि कुसुम योजना एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सौर संयंत्रों से झुंझुनू जिले में प्रतिमाह लगभग 1.6 करोड़ यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। साथ ही जिले में स्थापित बायोमास प्लांट से प्रतिमाह लगभग 1.1 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस प्रकार जिले में कुल मिलाकर लगभग 2.7




करोड़ यूनिट ऊर्जा का उत्पादन वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से किया जा रहा है। इन सौर ऊर्जा संयंत्रों के स्थापित होने से विद्युत तंत्र को कई महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हो रहे हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन से परंपरागत विद्युत स्रोतों पर निर्भरता कम हुई है, साथ ही दिन के समय स्थानीय स्तर पर बिजली उपलब्ध होने से फीडरों पर लोड कम हुआ है। इसके परिणामस्वरूप लाइन लॉस में कमी. विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा किसानों और उपभोक्ताओं को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही सभी बिजली उपभोक्ताओं से निवेदन है की वे ज्यादा से ज्यादा सोलर प्लांट लगवाए व प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेवें।

## प्रबुद्ध जन गोष्ठी में संघ की कार्यपद्धति पर चर्चा

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का पर्याय: शिव प्रसाद



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मन्दिर के सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र धर्म जागरण संयोजक शिव प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### राष्ट्र निर्माण का पर्याय है संघ:

अपने संबोधन में शिव प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का पर्याय है। उन्होंने संघ की कार्यपद्धति और उसके ध्येय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले लगभग 100 वर्षों से संघ सुसंस्कृत, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित स्वयंसेवक तैयार कर समाज को संगठित कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ का एकमात्र लक्ष्य भारत को परम वैभव पर पहुंचाना है और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज को एकजुट करना उसका मूल उद्देश्य है। शिव प्रसाद ने समाज में संघ को लेकर फैली भ्रांतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग संघ के मूल विचार से परिचित नहीं हैं, उन्होंने इसे गलत तरीके से परिभाषित करने का प्रयास किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ किसी भी समाज या वर्ग का विरोधी नहीं है। गोष्ठी के दौरान संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने संघ की कार्यप्रणाली और सामाजिक समरसता पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की आराधना की। इस अवसर पर विद्यालय में नव स्थापित तीन स्मार्ट बोर्ड, नए फर्नीचर तथा कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रभु दयाल रेगर पूर्व अधिकारी, पोस्ट ऑफिस, राजेंद्र गोयन जिला अध्यक्ष, आदर्श शिक्षण संस्थान, लक्ष्मण सिंह प्रांत सचिव, विद्या भारती आदि मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा जिला सचिव, विद्या भारती, झुंझुनू ने किया। इस अवसर पर सोहनलाल नायक, रिद्धिकारण चेजारा, सज्जन लाल शर्मा, गंगाराम यादव, बुधराम कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, संदीप शर्मा, राजेंद्र ठेकेदार, सुरेश सोनी, महेश निर्वाण, विद्याधर सैनी, मुकेश बागड़ी, विद्या मंदिर व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया प्राचार्य मनीष सैनी, सज्जन सैनी, अरविंद खांडल, शीशपाल यादव, ज्ञान प्रकाश गोयनका , बाबूलाल यादव, रामलाल टेलर, भरत मोची, कैलाश शर्मा तथा संजय सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। अंत में विद्या मंदिर के संरक्षक दिनेश धाभाई ने सभी अतिथियों का आभार किया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक में तैयारियों पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संरक्षण में श्री राम नवमी भव्य शोभायात्रा समिति की ओर से आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर भार्गव वाटिका में बैठक का आयोजन किया गया। शोभायात्रा संयोजक गिरीश गर्ग ने बताया कि ढोला झाँकी बेंड डीजे इत्यादि चीजे यात्रा के लिए बुक करा दी गई हैं। शोभायात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए एक ड्रेस कोड के रूप में साड़ी रखी गई हैं जो कि समिति द्वारा दी जाएगी जो भी महिला शोभायात्रा में शामिल होना चाहें वह अपना रजिस्ट्रेशन पूर्व में ही करा ले। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ किया गया। समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा को भव्य व सफल बनाने के लिए अपने अपने विचार रखें। वहीं शोभायात्रा संरक्षक पूज्य महंत हनुमान दास जी महाराज ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया तथा प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए यह पहली बैठक आयोजित की गई है। आने वाले दिनों में युवा समिति, महिला समिति, वार्ड समिति, दुर्गा पूजा समितियों सहित सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के साथ अलग-अलग बैठकें कर विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। समिति ने शहर के सभी रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने समाज में प्रेम, सद्भाव व एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों में अनुराग शर्मा ललित कुलश्रेष्ठ प्रशांत हुंडावाल विमल भार्गव राजकुमार तोमर बबलू शर्मा अशोक बाल्मीकि राम शर्मा चंद्रप्रताप धाकरे नरेश कुमार धीरेन्द्र कुशवाह सीनू गुर्जर रामनरेश रविन्द्र करण सक्षम गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजे ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों से हो रहे भेदभाव को दूर कर 8 सालों से बंद ट्रांसफर खोलने व सुप्रीम कोर्ट से स्टे हटवाकर लंबित प्रमोशन शुरू करने सहित, स्कूलों से जुड़ी लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को प्रेषित 11 सूत्रीय मांग पत्र में बताया कि शिक्षा विभाग में विगत पांच शिक्षा सत्रों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नतियां नहीं हुई है। जिससे प्रदेश में 42 हजार से अधिक वरिष्ठ अध्यापकों के पद रिक्त होने से स्कूलों में विद्यार्थियों की सुचारू शिक्षण व्यवस्था बाधित होने के साथ हजारों शिक्षक प्रतिवर्ष बिना पदोन्नति पाए सेवानिवृत हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन प्रकरण में शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दो सालों से कोई प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही है। संघ ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर कानूनी फेरे में उलझी डीपीसी प्रक्रिया को शुरू कराते हुए थर्ड ग्रेड से वरिष्ठ अध्यापक पद पर वर्षों से लंबित पदोन्नतियां कर शिक्षक वर्ग को राहत दिलाए जाने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के आठ सालों से बंद तबादले पिछली भाजपा सरकार के दौरान साल 2018 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने जिस प्रक्रिया के तहत किए उसी के अनुरूप इस बार तबादले शुरू कराये जाने, सेवारत शिक्षकों को इंटर्नशिप अवधि को कर्तव्य ड्यूटी मानते हुए वेतन भुगतान कराये जाने,वाइस प्रिंसिपल स्कूल शिक्षा के वर्तमान सेवा नियमों में संशोधन कराते हुए युवा व प्रतिभाशाली शिक्षकों को आगे बढ़ने के अवसर मिले तथा पूर्व की भांति 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती व 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाने के प्रावधान लागू कराने का आग्रह किया है। जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी व शिक्षक नेता चन्द्र शेखर शर्मा ने बताया कि इसके अलावा महासंघ ने सरकार से शिक्षा विभाग में पारस्परिक (म्युचुअल )ट्रांसफर के अधिकार शिक्षा अधिकारियों को प्रदान कर शिक्षकों के ग्रेड, पद व लेवल के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के आधार परम्युचुअल ट्रांसफर की व्यवस्था लागू कराने, शिक्षा विभाग की ओर से इस बार नवीन शैक्षिक सत्र में ग्रीष्मावकाश में की जा रही कटौती के प्रस्ताव को वापस लिया जाकर पहले की भांति गर्मियों की छुट्टियों की अवधि 30 जून तक रखते हुए स्कूलों का संचालन 21 जून की बजाय 1 जुलाई से ही प्रारंभ किए जाने, स्कूलों में 20 से 30 सालों से शिक्षक के समान कार्य कर रहे पैरा टीचर, शिक्षा कर्मी, पंचायत सहायक तथा मदरसा कर्मियों को जल्द सम्मानजनक वेतन पर स्थाई करने, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर नामांकन के अनुसार शैक्षणिक कार्मिकों के पदों का श्रृजन कराने की मांग की गई है । महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने सरकार से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़े व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए स्टाफिंग पैटर्न लागू कर शैक्षणिक कार्मिकों के पदों का पुनः निर्धारण करने एकीकृत उच्च माध्यमिक स्कूलों से कक्षा 1 से 5 तक प्राथमिक शिक्षा खंड अलग संचालित कराये जाने, साथ ही प्रत्येक प्राइमरी स्कूल में महात्मा गांधी विद्यालयों की तरह कम से कम 5 शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित कराने, छोटे छोटे बच्चोँ को अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव से बचाव हेतु स्कूलों का समय ग्रीष्म कालीन समय सारिणी के अनुसार एक अप्रैल की बजाय 20 मार्च से सुबह 7: 30 से 12: 30 बजे तक करने तथा जलवायु चक्र में हो रहे बदलाब को देखते हुए आगामी नवीन शैक्षिक सत्र 2026- 27 की शिवरा पंचांग में संशोधन कर स्कूलों का समय 1 नवंबर से 28 फरवरी तक 10 से 4:00 बजे तक तथा एक मार्च से 31 अक्टूबर तक प्रातः 7:30 से 1:00 तक निर्धारित कराये जाने का आग्रह किया है।